रजिस्ट्री सं० डी--(डीएन)---128/89

REGISTERED No. D-(DN)--128/89

2579/89

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 13] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 1, 1989 (चैत्र 11, 1911)
No. 13] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 1, 1989 (CHAITRA 11, 1911)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय--सूची

	पृष्ठ
भाग I--खण्ड 1---रक्षा मंत्रालय को छोड़कर भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	281
भाग I--खण्ड 2--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . .	321
भाग I--खण्ड 3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	*
भाग I--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों, आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	393
भाग II--खण्ड 1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	*
भाग II--खण्ड 1-क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II--खण्ड 2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट . .	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं . . .	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (iii) भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) .	*
भाग II--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश . .	*
भाग III--खण्ड 1---उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . . .	273
भाग III--खण्ड 2--पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	317
भाग III--खण्ड 3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	*
भाग III--खण्ड 4--विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं .	329
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस . .	39
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई है।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	281
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than oth Ministry of Defence) and by the Supreme Court	321
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . .	*
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	393
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . . .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . .	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	273
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	317
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	329
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies .	39
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folio Nos. not received.

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 मार्च 1989

सं० 18-प्रेज/89—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. मास्टर सौरभ ओबेराय (मरणोपरान्त)
पुत्र मेजर एस० के० ओबेराय,
84, आर्मर्ड रेजिमेंट,
द्वारा 56 ए०पी०ओ० ।

18 जनवरी, 1987 को दिन में लगभग 11.00 बजे चार बच्चे नामत: मास्टर शान्तनु ओबेराय (10 वर्ष), मास्टर सौरभ ओबेराय (8 वर्ष), मास्टर अंकुर खुराना (9 वर्ष) तथा कुमारी आस्था खुराना (6 वर्ष) मामुथानी सैनिक क्षेत्र में स्थित 20-25 फुट गहरी झील के पास खेल रहे थे । इनमें से कोई भी बच्चा तैरना नहीं जानता था । कुमारी आस्था खुराना अचानक फिसल गई और तालाब में जा गिरी और डूबने लगी । यह देखकर मास्टर सौरभ ओबेराय उसे बचाने के लिए तालाब में कूद पड़ा, परन्तु वह स्वयं भी डूबने लगा । उन्हें डूबता देखकर कुमारी आस्था खुराना का बड़ा भाई मास्टर अंकुर खुराना भी तालाब में कूद पड़ा । वह उन दोनों को किनारे तक ले आया परन्तु उन्हें बाहर नहीं ला सका क्योंकि किनारा ऊंचा तथा फिसलन वाला था । अंकुर खुराना संघर्ष कर रहा था तभी मास्टर शान्तनु ने, जो तालाब के किनारे सहायता के लिए पुकार रहा था, एक पेड़ की टहनी के सहारे से उसकी सहायता की । पास से गुजर रहे एक सन्तरी ने चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनी और वह दौड़कर घटनास्थल पर आ पहुंचा और वह तीनों बच्चों को बाहर निकाल लाया, परन्तु उस समय तक कुमारी आस्था खुराना और मास्टर सौरभ ओबेराय मर चुके थे ।

मास्टर सौरभ ओबेराय ने डूबती हुई लड़की के जीवन को बचाने के प्रयास में अदम्य साहस का परिचय दिया और ऐसा करते हुए अपनी जान की बाजी लगा दी ।

2. श्री जय प्रकाश उर्फ सुक्के,
ग्राम दुहई,
थाना मुरादनगर,
जिला गाजियाबाद (उ० प्र०) ।

1 जनवरी, 1987 को सांय लगभग 6.00 बजे करीब 14 वर्षीय मास्टर विनोद साइकिल चला रहा था जिसके साथ दो वर्ष का बच्चा आगे बैठा हुआ था । जब साइकिल एक ऐसे कुंए के निकट पहुंची, जिसके चारों ओर कोई चबूतरा नहीं था, अचानक एक बच्चा साइकिल के आगे आ गया । उस बच्चे को बचाने की कोशिश में मास्टर विनोद ने अपना सन्तुलन खो दिया और साइकिल में बैठे बच्चे के साथ कुंए में जा गिरा । कई व्यक्ति घटनास्थल पर एकत्र हो गए परन्तु उन्हें बचाने के लिए कुंए में कूदने का साहस किसी को भी न हो सका । यह देखकर श्री जय प्रकाश उर्फ सुक्के ने कुंए में छलांग लगा दी और दोनों लड़कों को बचा लिया ।

श्री जय प्रकाश उर्फ सुक्के ने अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए डूबने से दो व्यक्तियों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस तथा तत्परता का परिचय दिया ।

3. श्री भगवान दास गौतम (मरणोपरान्त)
ग्राम तथा डाकघर बिजौली,
थाना खरखोदा,
जिला मेरठ (उ० प्र०) ।

12 अप्रैल, 1982 को जिला मेरठ के जहीदपुर में श्री मुन्शी लाल होरीलाल तथा उनका 14 वर्ष का लड़का मास्टर देवेन्द्र कुमार पेट्रोल के बिखरने से फैली हुई आग की लपटों में घिर गए । श्री भगवान दास गौतम, जो उस रास्ते से गुजर रहे थे, ने इस कारुणिक दृश्य को देखा और अपने जीवन की तनिक भी परवाह न करते हुए आग की लपटों में कूद पड़े और दोनों व्यक्तियों को आग से बाहर निकाल लाए । परन्तु, इस कार्यवाही में वे स्वयं भी बहुत बुरी तरह से जल गए जिससे अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई ।

श्री भगवान दास गौतम ने उच्च कोटि के साहस तथा मानव जीवन के प्रति अगाध लगाव का परिचय दिया और पेट्रोल की आग में फंसे दो अनजान व्यक्तियों की जान बचाने में अपने जीवन का बलिदान कर दिया ।

सं० 19-प्रेज/89—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "उत्तम जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री भूपिन्दर सिंह,
द्वारा क्षेत्रीय प्रबन्धक,
हिमाचल सड़क परिवहन निगम,
कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) ।

14 अक्तूबर, 1986 को हिमाचल सड़क परिवहन निगम के एक चालक श्री भूपिन्दर सिंह बस नं० एच०आई०ई० 896 से हरिद्वार-मनाली मार्ग पर यात्रा कर रहे थे । बस पूरी तरह से यात्रियों से भरी हुई थी । बस के चालक को जबरदस्त दिल का दौरा पड़ा और चलती बस में ही स्टीयरिंग पर उसकी मौत हो गई । श्री भूपिन्दर सिंह ने, जो चालक के पीछे बैठे थे फौरन बस को संभाल लिया और इस प्रकार एक घातक दुर्घटना होने से बच गयी ।

4 मई, 1987 की मध्यरात्रि में जब श्री भूपिन्दर सिंह 50 सवारियों से भरी बस नं० 589 (मनाली-हरिद्वार सेवा) चला रहे थे तब उस बस पर ढेरा बस्सी (पंजाब) के निकट आतंकवादियों ने बार-बार गोलियां चलाईं । श्री भूपिन्दर सिंह ने असाधारण साहस तथा सूझबूझ का परिचय दिया और इस तथ्य के बावजूद कि आगे-पीछे के हवा रोधक शीशों तथा बस के मध्य भाग पर कई गोलियां लग चुकी थीं और एक गोली उनके सिर के ऊपर से भी गुजर गई थी, उन्होंने बस नहीं रोकी और अन्तत: बस को आतंकवादियों की गिरफ्त से बाहर निकाल ले गए ।

श्री भूपिन्दर सिंह ने दोनों अवसरों पर असाधारण सूझबूझ तथा साहस का परिचय देकर यात्रियों की जान बचाई ।

2 श्री राम बहादुर,
ग्राम-समोडी, डाकखाना बैनजत्था,
तहसील घुमारविन, जिला बिलासपुर,
हिमाचल प्रदेश ।

26 अगस्त, 1986 को रात्रि के लगभग रात 8.30 बजे बिलासपुर की गोविन्द सागर झील में एक पेडल नौका उलट गई और डूबने लगी । नौका में

सवार यात्रियों ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुन कर हिमाचल प्रदेश नेवल एन० सी० सी० यूनिट के एक नाविक, श्री राम बहादुर जो पास ही गुगुनु घाट पर ड्यूटी पर थे, तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। यद्यपि, घाट पर कई असैनिक थे परन्तु उनमें से कोई भी सहायता के लिए आगे नहीं आया। तब उन्होंने एक नेवल नौका ली और उस स्थान की ओर बढ़ चले जहां उस अभागी नौका के सभी यात्री झील की सतह तक डूब गए थे। अपने जीवन के गंभीर खतरे की परवाह किए बिना उन्होंने झील की सतह पर दो बार गोते लगाए और 7 व्यक्तियों को अर्धचेतन अवस्था में बाहर ले आए। उन्होंने नौका के भीतर पीड़ितों का प्राथमिक उपचार किया और उन्हें किनारे पर ले आए।

श्री राम बहादुर ने सात व्यक्तियों के प्राणों की रक्षा करने में उत्कृष्ट साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

3. श्री एस० सुरेन्द्रन (मरणोपरान्त)
वारविला पुतन वीडू
पण्डिनिट्टा, थलवूर डाकखाना (वाया)
कुन्निकोड, क्वीलोन जिला
(केरल)

25 मार्च, 1987 को क्वीलोन जिले के पण्डिनिट्टा गांव में श्री के० श्रीधरन के शेड में जहां आतिशबाजी बनाने के लिए विस्फोटक सामग्रियां रखी थीं एक विस्फोट हुआ और शेड में आग लग गई। कुछ व्यक्ति जलते हुए शेड के अन्दर फंस गए, जो श्री श्रीधरन के घर के पास ही थी। दो श्रमिक घायल हो गए तथा दो अन्य अपने आप को बचाने के लिए वहां से भाग निकले।

श्री के० श्रीधरन का लड़का एस० सुरेन्द्रन, फील्ड एम्बुलेंस, द्वारा 56 ए० पी० ओ० जो छुट्टी पर आया हुआ था, ने स्थिति की गंभीरता को भांप लिया और घटना स्थल पर जा पहुंचा। उसने स्वयं के जीवन के खतरे की परवाह न करते हुए, शेड में फंसे व्यक्तियों की जानें बचाने के लिए जलते हुए शेड के अन्दर प्रवेश किया। इससे वह अत्यधिक जल गया और उसने 28 मार्च, 1988 को दम तोड़ दिया।

4. श्री एस० लालजौला,
तुइपुई, दारजौकाई,
डाकखाना हनाहतियाल,
मिजोरम।

28 अप्रैल, 1987 को दोपहर लगभग एक बजे एक मारकोट जो कुछ औरों, कुछ स्थानीय महिलाओं, असम राइफल्स के कुछ जवानों तथा उनके परिवारों को ले जा रही थी, कालादन नदी के बीचों बीच उलट गई। श्री लालजौला ने जो उस समय वहीं थे एक सिपाही को नौका के प्लेट फार्म से कंधे पर बंधी अपनी राइफल सहित गिरते देखा। वे तत्काल ही पानी की ओर चल दिए जहां वह वहां खड़ी एक नौका को खोलकर उसे तेज धारा में उस आदमी की ओर खेने लगे। तब तक उस आदमी से उसकी राइफल भी निकल चुकी थी और वह पानी में संघर्ष कर रहा था क्योंकि उसे तैरना नहीं आता था। बड़ी कोशिशों के बाद वह उस डूबते हुए आदमी के पास पहुंचे और उसे पानी से बाहर निकाल लाए।

श्री लालजौला ने तब तक एक दूसरे आदमी को देखा जो मुश्किल से एक ओर को पकड़े हुए पानी के ऊपर तैर रहा था। वह तत्काल तैरकर उस तक पहुंचे और उसे भी बचा लिया। वह खोई हुई राइफल को भी ढूंढ़ निकालने में सफल हो गए। यह श्री एस० लालजौला के अत्यन्त साहसिक प्रयासों का ही परिणाम था कि उन्होंने अपनी जान को गंभीर खतरे में डाल कर दो व्यक्तियों को डूबने से बचा लिया।

5. स्वामी सर्वानन्द
राजकीय आश्रम
स्थान एवं डाकघर बौंदकलां
तहसील दादरी
जिला भिवानी (हरियाणा)।

14 अप्रैल, 1986 को हरिद्वार में कुम्भ मेले में, जहां पवित्र स्नान के लिए लगभग 50 से 70 लाख श्रद्धालु एकत्र हुए थे, भगदड़ मच गई जिसके परिणामस्वरूप कई व्यक्ति घायल हुए तथा कई जमीन पर गिर पड़े और भागते हुए व्यक्तियों के पांवों तले आ गए। स्वामी सर्वानन्द ने स्थिति की गंभीरता को भांप लिया और स्वयं अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना बचाव कार्य में जुट गए। उनके साहसी तथा दृढ़निश्चयी प्रयास भगदड़ में फंसे कई लोगों की जान बचाने में सहायक सिद्ध हुए और ऐसा करते हुए स्वयं भी बहुत बुरी तरह से घायल हो गए और जमीन पर गिर पड़े।

6. श्री कर्ण सिंह सैनी,
उर्फ कुंवर प्रसाद सैनी
निवासी मलियाना,
थाना सदर बाजार
मथुरा (उ० प्र०)।

22 जुलाई, 1986 को लगभग शाम चार बजे जमुना में गहादेव घाट पर स्नान कर रहे पांच लड़के डूबने लगे और सहायता के लिए चीख-पुकार करने लगे। श्री कर्ण सिंह सैनी उर्फ कुंवर प्रसाद सैनी ने जो पास ही अपनी गायों को चरा रहे थे, उनकी चीख-पुकार सुनी और अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए तुरन्त नदी में कूद पड़े। उन्होंने 5 में से 4 लड़कों को बचा लिया। दुर्भाग्यवश, एक लड़का डूब गया।

श्री कर्ण सिंह सैनी उर्फ कुंवर प्रसाद सैनी ने अपने जीवन के गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए चार लड़कों के प्राण बचाकर उदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

7. जे० सी०-125264, सूबेदार अजमेर सिंह,
14 सिक्ख लाइट इन्फेन्ट्री,
द्वारा 56 ए० पी० ओ०।

8 जुलाई, 1987 को सिक्ख लाइट इन्फेंट्री के 30 जवान सूबेदार अजमेर सिंह के नेतृत्व में हैदराबाद से मथुरा जंक्शन के लिए दिल्ली आने वाली दक्षिण एक्सप्रेस में सवार हुए। रास्ते में 9 जुलाई, 1987 को प्रातः लगभग साढ़े चार बजे एक जोर का धमाका सुनाई पड़ा और यात्री जाग गए। सूबेदार अजमेर सिंह यह जानने के लिए बाहर आए कि क्या हुआ, और देखा कि अचानक तेज बाढ़ के कारण गाड़ी के आगे के कुछ कुछ डिब्बे पटरी से उतर कर पलट गए। वह तुरन्त ही अपने जवानों के साथ बचाव कार्य में जुट गए।

सूबेदार अजमेर सिंह ने तुरन्त ही अपने सब जवानों को इकट्ठा किया और उन्हें पटरी से उतरे और इधर-उधर बिखरे हुए डिब्बों के यात्रियों को बचाने के काम में जुट जाने को प्रेरित किया। वह खुद कीचड़ वाले पानी में जवानों के साथ एक-एक डिब्बे में गए। तेज बहाव और अत्यधिक कठिन परिस्थितियों में बचाव कार्य किया। दो डिब्बे पटरी से लगभग 150 फुट दूर तक बह गए। इन डिब्बों से जिंदा बची एक मात्र 14 वर्षीय लड़की को डिब्बे की खिड़की की सलाखें तोड़कर निकाला गया।

सूबेदार अजमेर सिंह ने सभी विपरीत परिस्थितियों तथा खतरों में अपने जवानों को प्रेरित तथा सक्रिय किया और उनका नेतृत्व किया जिससे अवश्यम्भावी मौत के मुंह से 70 से अधिक व्यक्तियों के अमूल्य जीवन को बचाया जा सका।

8. जे० सी० 160615 नायब सूबेदार ईश्वर सिंह सेवाग
ए० ओ० सी० सेन्टर
सिकन्दराबाद।

8 जुलाई, 1987 को आर्मी आर्डनेंस कोर सेण्टर के नायब सूबेदार ईश्वर सिंह सेवाग 21 अप दक्षिण एक्सप्रेस से दिल्ली आ रहे थे। इस गाड़ी को रास्ते में 9 जुलाई, 1987 के प्रातः लगभग साढ़े चार बजे मंचेरियल के निकट दुर्घटना हो गई। उन्होंने गाड़ी में यात्रा कर रहे कुछ सैनिक कार्मिकों को इकट्ठा किया और बचाव कार्य में लग गए। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, अन्य लोगों की सहायता से लगभग 17 व्यक्तियों की जान बचाई और जलमग्न डिब्बों से करीब 25 शवों को बाहर निकाला। उन्होंने यह बचाव कार्य उस समय शुरू किया जब पानी गर्दन तक था और अत्यन्त वेग से बह रहा था। बचाए गए कुछ व्यक्तियों का प्राथमिक उपचार भी किया गया।

नायब सूबेदार ईश्वर सिंह सेवाग ने अपने जीवन के खतरे की अनदेखी करते हुए दुर्घटना में पीड़ित व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया ।

सं० 20 प्रेज/89--राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :

1. श्री रंगे सिंह (मरणोपरान्त)
ग्राम गिपुलिन, डाकखाना अनिनी,
दबांग घाटी जिला,
अरुणाचल प्रदेश ।

16 जून, 1987 को श्री रंगे सिंह तथा श्री रेको सिंह एक अन्य व्यक्ति अपने गांव के निकट नदी में मछली पकड़ रहे थे । श्री रेको सिंह दुर्घटनावश फिसल कर नदी में जा गिरे । अपने साथी को धारा में बहते देखकर श्री रंगे सिंह नदी में कूद पड़े और उसे बचा लिया । दुर्भाग्यवश, वह स्वयं पानी से बाहर नहीं आ सके तथा नदी की तेज धारा में बह गए ।

इस प्रकार श्री रंगे सिंह ने अपनी जान पर खेलकर अपने साथी की जान बचा ली ।

2. श्री चूड़ामणि सैकिया,
अपर कटनी गांव,
डाकखाना तथा थाना कमलाबेड़ि,
मंजुलि, जिला जोरहाट (असम) ।

18 अक्तूबर, 1985 को निमाटी घाट के पास कमलाबेड़ि निमाटी नौका से जाते समय एक नन्हा बालक अपनी मां की बाहों से निकलकर ब्रह्मपुत्र नदी में जा गिरा । श्री चूड़ामणि सैकिया जो उस नौका में थे झटपट नदी की तेज धारा में कूद पड़े और उन्होंने बच्चे को बचा लिया ।

श्री चूड़ामणि सैकिया ने अपनी जान के गम्भीर खतरे की परवाह न करते हुए एक डूबते हुए बच्चे की जान बचाने में अदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया ।

3. मास्टर सुमीत,
6/5 विद्युत नगर,
हिसार, हरियाणा ।

2 फरवरी, 1985 को, एम० डी० पब्लिक स्कूल, नरवाना का एक सात वर्षीय विद्यार्थी मास्टर विवेक को, जो 4 फुट गहरे भूमिगत पानी के टैंक के निकट खेल रहा था, एक दूसरे बच्चे ने टैंक में धकेल दिया जिससे वह डूबने लगा । उसी स्कूल का छः वर्ष और 10 मास का एक अन्य विद्यार्थी सुमीत जो पास ही खेल रहा था, ने गिरते हुए बच्चे को देख लिया और वह उसे बचाने के लिए तुरन्त आगे बढ़ा । उसने अपने एक हाथ से पास लगी बाड़ को कसके पकड़ लिया और दूसरा हाथ टैंक के काफी अन्दर डाल दिया । इस तरह वह डूबते हुए बच्चे का हाथ पकड़ने में सफल हो गया और उसे टैंक से बाहर ले आया ।

इस प्रकार, 7 वर्ष से कम उम्र के बच्चे मास्टर सुमीत ने अपने जीवन को गंभीर खतरे में डालकर अपने मित्र की जान बचाई और अपने साथी विद्यार्थियों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया ।

4. श्री फरीद मोहम्मद,
मकान नं० 7, रौरा सैक्टर नं० 3,
जिला बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) ।

4 सितम्बर, 1987 को श्री फरीद मोहम्मद ने गोविन्द सागर झील में डूब रहे 9 वर्षीय नदीम अख्तर तथा 10 वर्षीय साहिद अली की "बचाओ-बचाओ" की आवाजें सुनीं । वह तत्काल दौड़कर घटना-स्थल पर पहुंचा और देखा कि दोनों लड़के झील की तह तक नीचे चले गए थे । अपनी जान के खतरे की परवाह किए बिना श्री फरीद मोहम्मद ने झील की तह में कई बार गोता लगाया और दोनों बच्चों को पकड़ कर किनारे पर ले आया । उसने उन्हें प्राथमिक-चिकित्सा सहायता दी और इस प्रकार उनके अमूल्य जीवन की रक्षा की ।

श्री फरीद मोहम्मद ने अपनी जान के गम्भीर खतरे की परवाह किए बिना दो व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया ।

5. मास्टर सुधीर अरोड़ा,
मकान नं० 1232, सैक्टर 11,
सरकारी क्वार्टर, पंचकुला,
हरियाणा ।

13 जनवरी, 1986 को पंचकुला में दुर्घटनावश एक दो वर्षीय बालक मास्टर गौरव लोहड़ी मनाने के लिए बनाए गए अग्नि कुंड में गिर गया । क्षण भर में ही उसके कपड़ों को आग लग गई । यह देखकर मास्टर सुधीर अरोड़ा उसे बचाने के लिए दौड़ा और इस प्रयास में उसके अपने कपड़ों में भी आग लग गई । पास खड़े कुछ प्रौढ़ लोगों ने उनकी हालत देखी और उन्हें बचा लिया ।

मास्टर सुधीर अरोड़ा ने केवल 7 वर्ष की आयु में ही अदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया तथा अपनी जान को गम्भीर खतरे में डालकर उस बच्चे की जान बचाने में सहायक सिद्ध हुआ ।

6. मास्टर मुज्जफर अली,
5 जी० तुलसी बाग,
श्रीनगर,
जम्मू एवं कश्मीर ।

26 मार्च, 1987 को सुबह 2 बजे एक ट्रक श्रीनगर--जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग 900 फुट नीचे खोणी नाले में लुढ़क गया । उस दिन भारी वर्षा हो रही थी । ट्रक ड्राइवर तथा क्लीनर के अतिरिक्त, एक महिला श्रीमती सारा तथा उसके दो बेटे मास्टर मुज्जफर अली और शौकत अली को चोटें आईं । चोट लगने के कारण क्लीनर की अस्पताल में मृत्यु हो गई । महिला और उसका छोटा बेटा शौकत अली गम्भीर रूप से घायल हुए तथा वे बेहोश हो गए ।

यद्यपि, 8 1/2 वर्षीय मास्टर मुज्जफर अली को भी गम्भीर चोटें आईं थी, लेकिन उसकी चेतना ने तेजी तथा बहादुरी से कार्य किया । उसने तुरन्त अपनी मां तथा छोटे भाई को एक झाड़ी के नीचे घसीटकर उन पर कम्बल डाल दिया । अपनी सूझ-बूझ से उसने मदद के लिए चीख-पुकार शुरू कर दी । छः घण्टों के अन्तराल के बाद 26 मार्च, 1987 की सुबह उसने पास रह रहे एक गूजर का ध्यानाकर्षित किया और उससे मदद मांगी । गूजर घायल महिला एवं उसके पुत्र को रामबाण अस्पताल ले गया जहां उनका इलाज किया गया तथा इस प्रकार दो व्यक्तियों का अमूल्य जीवन बचा लिया ।

मास्टर मुज्जफर अली ने अपनी मां तथा भाई को दुर्घटना से बचाने में अदम्य साहस, सूझबूझ तथा तत्परता का परिचय दिया ।

7. श्री हरकाबावी मथड़ा मंजूनाथ,
डोर नं० 24, तीसरा क्रास, पार्वती नगर,
बेलरी, कर्नाटक ।

1 सितम्बर, 1986 को दोपहर के लगभग 1.30 बजे श्री हरकाबावी मथड़ा मंजूनाथ ने, जो एक मोपेड पर अपने चचेरे भाई के साथ घर वापिस आ रहे थे, पास की एक नहर से किसी की मदद मांगने की आवाज सुनी । उन्होंने देखा कि कोई नहर में बहता जा रहा था । श्री मन्जूनाथ ने अपनी मोपेड रोक दी और बेझिझक नहर में कूद पड़े । वह नहर में तैरकर गए और डूबते हुए व्यक्ति को उसके बालों से पकड़ कर किनारे तक ले आए और अपने चचेरे भाई की सहायता से उसे ऊपर उठा लिया । वह व्यक्ति अचेत था तथा उसे सांस लेने में कठिनाई हो रही थी । श्री मन्जूनाथ ने उसे प्राथमिक-चिकित्सा दी तथा दो-तीन मिनट तक मुंह से मुंह मिलाकर उसे कृत्रिम सांस दी । आधे घंटे के बाद उस व्यक्ति को फिर से होश आ गया ।

श्री हरकाबावी मथड़ा मंजूनाथ ने अपने जीवन को खतरे में डालकर एक डूबते हुए व्यक्ति की जान बचाई और इस प्रकार उन्होंने सराहनीय साहस का परिचय दिया ।

8. श्री रामप्पा यमनप्पा गोदारा,
गांव और डाकघर रामथला,
हुंगुड तालुक, जिला बीजापुर,
(कर्नाटक)।

9. श्री संमू मुमू मणि,
गांव और डाकघर रामथला,
हुंगुंड तालुक, जिला बीजापुर,
(कर्नाटक)।

10. श्री शिवापुत्रप्पा भीमप्पा पोलिस,
गांव और डाकघर रामथला,
हुंगुंड तालुक, जिला बीजापुर
(कर्नाटक)।

16 दिसम्बर, 1987 को बेलगांव जिले में हुबीनहाली की 11 महिला श्रमिक माल्लप्रभा नदी, जिसमें कम पानी था, को पार करके अपने कार्यस्थल पर जा रही थीं। उस समय अचानक नदी में अप्रत्याशित बाढ़ आ गई जिसमें ये सभी महिलाएं बह गई। यह देखकर सर्वश्री रामप्पायमनप्पा गोदारा, संमू मुमू मणि तथा शिवापुत्रप्पा भीमप्पा पोलिस तुरन्त नदी में कूद पड़े तथा 7 महिलाओं महिलाओं को बचा लिया। उन्होंने अपने प्राणों को खतरे में डालकर डूबती हुई 7 महिलाओं की जान बचाकर अदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

11. श्री रामदास पाण्डूरंग राम पै,
हुलेकल-581336, सिरसी तालुक,
जिला उत्तर कन्नड़।

8 मार्च, 1986 को, हुलेकल गांव के श्री रामदास पाण्डूरंग राम पै, ने जो महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर बनवासी में मधुकेश्वरा मन्दिर जा रहे थे थे, तीन महिलाओं को वर्दा नदी के किनारे स्नान करते हुए देखा। दुर्भाग्यवश, उनमें से एक महिला फिसलकर बाढ़ आई हुई नदी में जा गिरी। यह देखकर श्री रामदास पाण्डूरंग राम पै नदी में कूद पड़े तथा उस महिला को पकड़ लिया। वह उसे किनारे तक ले आए और इस प्रकार उसकी जान बचाई।

श्री रामदास पाण्डूरंग राम पै ने अपनी जान के खतरे की परवाह किए बिना डूबती हुई एक महिला को बचाने अदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

12. श्री दत्तात्रे रामू जाबादे,
उतरत ग्राम, छिकोडी तालुक,
बेलगांव जिला, कर्नाटक।

3 अक्तूबर, 1986 को उतरत गांव का लगभग 10 वर्षीय बालक कुमार संदीप भैंसों को नहलाने के लिए अपनी मां के साथ दूधगंगा नदी पर गया। नदी में प्रवेश करते समय उसका पैर फिसल गया और वह पानी के तेज बहाव में बह गया। यह देखकर उसकी मां सहायता के लिए चीखती-पुकारती गांव की ओर भागी। उसकी चीख-पुकार सुनकर स्थानीय कालेज का एक छात्र श्री दत्तात्रे रामू जाबादे सहायता के लिए दौड़ा। वह नदी में कूद पड़ा गया और तेज प्रवाह के विपरीत तैरते हुए वह लड़के को बचाने में सफल हो गया।

श्री दत्तात्रे रामू जाबादे ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना लड़के की जान बचाने में बड़े धैर्य का प्रदर्शन किया।

13. श्री धारानाथ खारवी,
पुत्र श्री नागप्पा खारवी,
टोटा बंगारे, मंगलूर,
(कर्नाटक)।

10 दिसम्बर, 1987 को नमक से लदा हुआ एक जलयान खराब मौसम के कारण मंगलूर के अप्रवाही जल में प्रवेश न कर सका। तभी जलयान का प्रमुख छः व्यक्तियों के कर्मीदल के साथ लांच की व्यवस्था करने के लिए जीवन-नौका से बैठकर तट पर आए लेकिन उन्हें लांच नहीं मिला। जब वे लौटकर अपने जलयान की ओर जा रहे थे तो उनकी जीवन नौका उलट गई और वे सभी समुद्र में गिर गए। यह देखकर श्री धारानाथ खारवी चार अन्य व्यक्तियों के साथ अपनी फिशिंग लांच में बैठकर घटनास्थल पर आए और कर्मी-दल को बचा लिया। यदि श्री धारानाथ खारवी भारी वर्षा और तूफान के बीच समय पर तत्परता से साहस नहीं दिखाते तो छः व्यक्तियों की जान जा सकती थी।

श्री धारानाथ खारवी ने अपनी जान के खतरे की परवाह किए बिना डूबने से छह व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

14. श्री अरविन्द,
पुत्र श्री रंगाचार जोशी,
क्वार्टर नं० 9, तालुका पंचायत समिति,
बस स्टैन्ड के पास,
पोस्ट गंगावती—583227,
कर्नाटक।

7 जून, 1988 को शाम लगभग 6.30 बजे नवीं कक्षा में अनुत्तीर्ण होने से हताश एक 16 वर्षीय लड़की ने 10 फुट जल स्तर वाले 45 फुट गहरे कुएं में छलांग लगा दी। गंगावती यूनिट के एक होम गार्ड, श्री अरविन्द ने उसे देख लिया और तत्काल उसकी सहायता के लिए दौड़ा आया। वह कुएं में कूद गया और एक रस्सी की सहायता तथा वहां अन्य एकत्रित अन्य लोगों की मदद से लड़की को बाहर निकाल लाया। उसने उसे कृत्रिम सांस दी और पास के अस्पताल में पहुंचा दिया।

श्री अरविन्द ने अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए डूबती हुई लड़की को बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

15. श्री गुरुपादप्पा मालप्पा बैरागी,
होम गार्ड, बागलकोट यूनिट मार्फत
आई० एच० डी० पी० शाखा प्रियदर्शिनी,
आसंगी रोड़, बागलकोट—587311,
बागलकोट तालुक, बीजापुर जिला (कर्नाटक)।

3 अक्तूबर, 1987 को प्रातः लगभग 9.30 बजे एक 28 वर्षीय महिला पानी के तालाब से पानी खींचते समय अचानक ही तालाब में गिर गई। शोरगुल सुनकर श्री गुरुपादप्पा मालप्पा बैरागी घटनास्थल पर पहुंच गए। उसकी दशा देखते ही वह शीघ्र ही तालाब में कूद गए जो कि लगभग 11 फुट गहरा था और उस महिला को डूबने से बचा लिया। वे रस्सी की सहायता से महिला को तालाब से अचेत अवस्था में बाहर ले आए। उसे प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रदान की तथा कृत्रिम श्वास के जरिए उसे पुनर्जीवित किया।

श्री गुरुपादप्पा मालप्पा बैरागी ने अपनी जान को खतरे में डालकर डूबती हुई महिला को बचा लिया और इस प्रकार उन्होंने अदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

16. श्री माधवन विश्वनाथन,
वाक्कोलिल पडीयीत्तल हाऊस,
पयीपाद, पयीपाद पोस्ट आफिस (वाया),
हरिपाद, एलेप्पी जिला (केरल)।

29 जून, 1987 को प्रातः लगभग 7 बजे श्री माधवन विश्वनाथन ने पीयीपाद और कारीछल को जोड़ने वाले पयीपाद् पुल पर चलते हुए उफनती हुई अछनकोइल नदी में कुछ गिरने की आवाज सुनी। वह तत्काल 25 फुट ऊंचे पुल से नदी में कूद पड़े और बच्चे को हाथ में थामे हुए महिला को पकड़ लिया जो अचानक नदी में गिर पड़ी थी। वह लगभग 10 मीटर तैरकर उस पार तक गए और उन्हें किनारे पर ले आए। उन्होंने अपने जीवन की परवाह किए बिना यह सारा बचाव कार्य अकेले ही किया।

श्री माधवन विश्वनाथन ने दो व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

17. श्री मोहनन पिल्लै टी० के०,
थप्पोरु वीडु, पुनथाला पोस्ट आफिस
वेनमोनी, छनगनोर, एलेप्पी जिला,
केरल।

18. श्री आनन्द कुरुप,
कोलस्सेरियिल, पुनथाला पोस्ट आफिस,
वेनयोनी, छनगनोर, एलेप्पी जिला,
केरल।

4 अगस्त, 1987 को प्रातः 9 बजे श्री आनीकुट्टी, जो अपने घर के कुएं की सफाई करने के उद्देश्य से उसमें उतरे थे, वहां विद्यमान किसी जहरीली गैस के कारण अचानक ही अचेत होकर कुएं में गिर गए और उनकी मृत्यु हो गई। उनकी सहायता के लिए आए दो पड़ोसी भी कुएं के भीतर मर गए। तब थेक्केचमरमन्नील डेनियल, के० वी० कुरुप, मोहनन पिल्लै टी० के० और आनन्द कुरुप ने बचाव कार्य संचालित किया। कुएं के भीतर गैस द्वारा होने वाले गंभीर खतरे को महसूस करते हुए श्री मोहनन पिल्लै और श्री आनन्द कुरुप शीघ्र ही कुएं में बाहर आ गए। उन्होंने एक रस्सी की सहायता से एक टेबिल फैन कुएं में उतारा और उसे चला दिया। इसके साथ-साथ वे भी कुएं में उतर गए। पंखे से ताजी हवा मिलने लगी जिससे जहरीली गैस की प्रबलता कम हो गई। वे दोनों अपने जीवन के अत्यंत गंभीर खतरे की परवाह किए बिना इस दुसाध्य कार्य में जुटे रहे और अंत में गैस लासदी के पांच पीड़ित व्यक्तियों को कुएं से बाहर निकालने में सफल हो गए, जिनमें से तीन व्यक्ति मर चुके थे। बचाव कार्य के पश्चात् सर्वश्री मोहनन पिल्लै और आनन्द कुरुप भी थककर चूर हो जाने के कारण अचेत हो गए और उन्हें भी अन्य पीड़ित व्यक्तियों के साथ ही अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

यदि श्री मोहनन पिल्लै टी० के० और श्री आनन्द कुरुप ने समय पर साहसपूर्ण कार्रवाई न की होती तो पीड़ित सभी व्यक्ति दुर्घटना में मारे गए होते।

19. श्री वी० सी० जोसेफ,
वल्लिया वेथिल हाउस,
छेत्तमकारी वेस्ट, कनकारी,
एलेप्पी जिला (केरल)।

20. श्री ए० डी० जोसेफ,
अरुवन परम्बिल,
छेत्तमकारी वेस्ट, कनकारी,
एलेप्पी जिला (केरल)।

8 फरवरी, 1987 को प्रातः 11.30 बजे 12 व्यक्तियों को ले जा रही एक देसी नौका नदी के बीचों-बीच उलट गई। यद्यपि हजारों लोगों ने इस विपत्ति को देखा किन्तु कोई भी उन्हें बचाने के लिए आगे नहीं आया। संकट की इस घड़ी में संयोगवश राज्य जल परिवहन विभाग की एक नौका वहां आ गई। ड्राइवर, श्री ए० डी० जोसेफ और सिरांग श्री वी० सी० जोसेफ उन व्यक्तियों को बचाने के लिए अपनी वर्दियों सहित नदी में कूद पड़े। उन्होंने कर्मी दल के अन्य सदस्यों की सहायता से डूबते हुए व्यक्तियों को एक-एक करके नाव में डाला।

श्री वी० सी० जोसेफ और श्री ए० डी० जोसेफ ने अपने जीवन के गंभीर खतरे की परवाह किए बिना डूबते हुए अनेक व्यक्तियों को बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

21. श्री के० के० पुरोहित
बिक्री-कर अधिकारी,
42, स्नेह नगर, ग्रीनलैंड,
इंदौर–452001 (मध्य प्रदेश)।

1 नवम्बर, 1984 को श्री के० के० पुरोहित ने एम० आई० जी० कालोनी, इन्दौर से निकलते हुए देखा कि एक क्रुद्ध भीड़ ने एक सिख परिवार के घर को आग लगा दी और उसे लूट रहे थे। आग फैल गई थी और बहुत से लोग जलते हुए घर के भीतर फंस गए थे। लगभग एक दर्जन लोग बेहोश हो गए थे और सांस रुक जाने या जलने से उनकी मृत्यु हो जाने का खतरा था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए और अपने जीवन के प्रति अत्यन्त गंभीर खतरे की परवाह किए बिना श्री पुरोहित जलते हुए घर में घुस गए और एक-एक करके लगभग एक दर्जन व्यक्तियों को बचा लिया, जो सांस के साथ कार्बन मानोआक्साइड अंदर ले जाने के कारण बेहोश हो गए थे। वह पीड़ित व्यक्तियों को जलते हुए मकान में से बाहर लाने में सफल रहे और धीरे-धीरे ताजी हवा में उन्हें होश आता गया।

श्री के० के० पुरोहित ने अपने जीवन की सुरक्षा के प्रति खतरे की परवाह किए बिना जलते हुए मकान में फंसे हुए अनेक लोगों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

22. श्री गुरुदास नागेश बाबरेकर,
बिटठलवाड़ी, शान्तिनगर, पोस्ट उल्हासनगर,
बाबरेकर चाल, तहसील उल्हासनगर, जिला थाणे,
महाराष्ट्र।

23. श्री कमलकान्त शामसुन्दर पांडे,
शान्तिनगर, आपोजिट बैरक नं० 1201,
पोस्ट उल्हासनगर, कैम्प नं० 3, तहसील उल्हासनगर,
जिला थाणे, महाराष्ट्र।

8 अगस्त 1986 को भारी वर्षा के कारण नदी तथा उल्हासनगर, महाराष्ट्र के आसपास के क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण बाढ़ आ गई थी और कुछ लोगों ने मरम्मत के लिए पुल पर खड़ी बस में शरण ले ली थी। बाढ़ के पानी के ऊपर तक बहने के कारण बस अचानक ही पानी के भाव-साथ खिसकने लगी। सर्वश्री गुरुदास नागेश बाबरेकर और कमलकान्त शामसुन्दर पांडे ने जब यह देखा तो उन्हें बस में बैठे लोगों के जीवन के खतरे का आभास हुआ। वे शीघ्र ही एक बड़ी रस्सी ले आए और उसका एक सिरा बिजली के खम्भे से बांध दिया। श्री बाबरेकर रस्सी के दूसरे सिरे को पकड़कर पानी में कूद गये और उसे बस से बांध दिया। उन्होंने रस्सी की सहायता से बस के अन्दर के लोगों को सुरक्षित स्थान पर लाने का प्रयत्न किया किन्तु बाढ़ के पानी के सतत भारी बहाव के कारण ऐसा करना कठिन था। श्री बाबरेकर एक और रस्सी ले आए और उसे खम्भे से बांध दिया और उसके दूसरे सिरे को बस से बांधने का प्रयत्न किया। ऐसा करते हुए वह स्वयं ही बहने लगे और घायल भी हो गए। संयोगवश, वह एक सीमेंट के खम्भे को पकड़ने में सफल हो गए। उन्होंने दोबारा रस्सी को पकड़ा और इस प्रकार 15 व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर लाने में समर्थ हुए। इस सम्पूर्ण बचाव कार्य के दौरान श्री पांडे ने बहुमूल्य सहायता प्रदान की।

श्री गुरुदास नागेश बाबरेकर और श्री कमलकान्त शामसुन्दर पांडे ने अपने जीवन को गंभीर खतरे में डालकर 15 व्यक्तियों की जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

24. कुमारी स्वाति हरीश अमलते,
430–सी, साठे बंगलो,
एम० जी० रोड, नासिक–422002,
महाराष्ट्र।

23 जुलाई, 1986 को श्रीमती अश्विनी लाले एक लोहे के डंडे पर गीला तौलिया डालते समय बिजलीकृत डंडे से चिपक गई। उनकी चीख-पुकार सुनकर सास बाहर आई और यह देखने के लिए कि उन्हें क्या हुआ है, उनके हाथ पकड़ लिए। बस वह भी श्रीमती लाले के साथ चिपक गई। चीख-पुकार सुनकर श्रीमती लाले के दो पुत्र भी दौड़ते हुए अपनी मां व दादी के पास आए। कुमारी स्वाति हरीश अमलते ने, जो वहां मौजूद थीं, खतरे की आशंका से शीघ्रता से दोनों बच्चों को पकड़ कर रोक लिया। तभी वह घर के भीतर गई और एक लकड़ी का बेलन ले आई और उसकी मदद से श्रीमती लाले के हाथों को उस बिजलीकृत लोहे

के डंडे से अलग किया। दोनों महिलाएं बेहोश होकर जमीन पर गिर गईं। कुमारी स्वाति तभी घर के भीतर गई और बिजली के मैन स्विच में से चिनगारियां निकलती देखीं। उसने स्विच को बंद कर दिया। फिर वह घर से बाहर आकर मदद के लिए चीखी चिल्लाई और एक डाक्टर बुला लाई जिसने उनका उपचार किया।

कुमारी स्वाति हरीश अमरने ने दो महिलाओं की जाने बचाने में अदम्य साहस, तत्परता और बड़ी सूझबूझ का परिचय दिया।

25. कुमार गणेश बाबूराव आचार्य,
पाथरवाड़ी, तहसील और जिला लातूर,
महाराष्ट्र।

1 जुलाई, 1985 को महाराष्ट्र राज्य एन० सी० सी० के कैडेट कुमार गणेश बाबूराव आचार्य और कुमार बोर्डे भाखड़ा में आयोजित पंजाब एन० सी० सी० राष्ट्रीय एकता शिविर से रेल द्वारा वापस लौट रहे थे। जैसे ही गाड़ी राजपुरा रेलवे स्टेशन (पंजाब) से आगे बढ़ी और उसने गति पकड़ ली कुमार बोर्डे बाह्य सिगनल से टकराकर जख्मी हो गया और रेलगाड़ी से नीचे जा गिरा। यह देखकर कुमार गणेश बाबूराव आचार्य अपनी जान की परवाह किए बिना चलती गाड़ी से नीचे कूद गया और घटनास्थल की तरफ भागा। कुमार बोर्डे रेल पटरी पर बेहोश पड़ा था तथा उसके सिर में गंभीर चोट आ गई थी। पटरी पर दूसरी गाड़ी तेजी से चली आ रही थी, इसलिए कुमार गणेश बाबूराव आचार्य ने कुमार बोर्डे को पटरी से तत्काल हटा लिया और इस प्रकार उसे सामने खड़ी मौत से बचा लिया। इसके बाद, वह उसे नजदीक की डिस्पेंसरी में ले गया और तत्काल चिकित्सा सहायता दिलाई।

कुमार गणेश बाबूराव आचार्य ने अपनी जान की परवाह किए बिना अपने साथी कैडेट की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

26. मास्टर चेतन मोहन खारकुंडी,
स्थान एवं डाकघर अरनाला,
तालुका वसई, जिला ठाणे,
महाराष्ट्र।

27. श्री भाईचन्द्र वासुदेव कोली,
स्थान एवं डाकघर अरनाला,
तालुका वसई, जिला ठाणे,
महाराष्ट्र।

28. श्री सी० ए० जोधर खाटू,
स्थान एवं डाकघर अरनाला,
तालुका वसई, जिला ठाणे,
महाराष्ट्र।

29. श्री लक्ष्मण शिनवार खारकुन्ड,
स्थान एवं डाकघर अरनाला,
तालुका वसई, जिला ठाणे,
महाराष्ट्र।

30. श्री बसस्याव फ्रांसिस डेडू,
स्थान एवं डाकघर अरनाला,
तालुका वसई, जिला ठाणे,
महाराष्ट्र।

31. श्री आंद्र इनाम थाटू,
स्थान एवं डाकघर अरनाला,
तालुका वसई, जिला ठाणे,
महाराष्ट्र।

32. श्री जूज्या बाबू ओटेकर,
स्थान एवं डाकघर अरनाला,
तालुका वसई, जिला ठाणे,
महाराष्ट्र।

12 अक्तूबर, 1986 को कुछ भक्तजन ठाणे जिला, महाराष्ट्र में अरनाला किले पर स्थित कालिका देवी के दर्शनों के लिए गए। लौटते समय वे मछली पकड़ने की बड़ी नौका से उतरकर एक छोटी नौका में सवार हो गए परन्तु किनारे से 75 मीटर दूर जाकर छोटी नौका उलट गई और सभी 19 व्यक्ति समुद्र में गिर गए। सर्वश्री भाईचन्द्र वासुदेव कोली, सी० ए० जोधर खाटू, लक्ष्मण शिनवार खारकुन्डे, बसस्याव फांसिस डेडू, आंद्र इनाम थाटू, जुज्या बाबू ओटेकर और मास्टर चेतन मोहन खारकुंडे ने इसे देख लिया और उन्हें बचाने के लिए दौड़ पड़े। वे तैरकर घटनास्थल पर पहुंचे और संघर्षरत 19 में से 12 व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर ले आए। दुर्भाग्यवश बाकी सात व्यक्तियों के प्राण नहीं बचाए जा सके। इन व्यक्तियों ने अपने जीवन को गंभीर खतरे में डालकर 12 व्यक्तियों को डूबने से बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

33. मास्टर सुशील आनन्द वाबले,
वाड़गांव साहनी, तालुका जुन्नार,
जिला पुणे, महाराष्ट्र।

13 जुलाई, 1986 को दिनेश किशन वाबले (7 वर्ष) तथा संदीप किशन वाबले (5 वर्ष) नहर के पास खेल रहे थे जबकि उनकी मां कहीं दूर खेत में काम कर रही थी। पानी पीते समय संदीप ने अपना संतुलन खो दिया और वह 4 फुट गहरी नहर में जा गिरा। संदीप को पकड़ने की कोशिश में दिनेश भी नहर में गिर पड़ा। दोनों बच्चे अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहे थे। मास्टर सुशील आनन्द वाबले ने जो कुछ दूरी पर नहर के पुल पर बैठा था, यह सब देखा और उन्हें बचाने के लिए दौड़ पड़ा। वह नहर के साथ-साथ लगभग 300 मीटर तक भागा और उसमें कूद गया। उसने पहले दिनेश को पकड़ा और उसे बाहर ले आया। इस बीच, संदीप 250 मीटर और आगे बह गया। तब मास्टर सुशील वाबले तैर कर तत्काल वहां पहुंचा और उसे भी पानी से बाहर निकाल लाया। वहां इकट्ठा हुए अन्य लोगों की सहायता से वह दोनों बेहोश लड़कों को चिकित्सा उपचार के लिए जुन्नार ले गया।

यदि मास्टर सुशील आनन्द वाबले अदम्य साहस और तत्परता नहीं दिखाते तो दोनों बच्चों को नहर के पानी में जान गंवाने से बचाया नहीं जा सकता था।

34. श्री प्रभाकर दत्तात्रेय खांडके,
मार्फत छाया फोटो स्टूडियो पाटन,
पोस्ट पाटन-415206, तालुका पाटन,
जिला सतारा, महाराष्ट्र।

35. श्री शंकरराव बन्धु देसाई,
मार्फत यातायात नियंत्रण कक्ष,
एस० टी० कोयनानगर, पोस्ट कोयना,
तालुक पाटन, जिला सतारा,
महाराष्ट्र।

21 जून, 1984 को 50 से 60 यात्रियों की एक बस कोयना नदी के पुल से गुजर रही थी। तब बड़े जोर की बारिश हो रही थी और नदी में बाढ़ आई हुई थी। मोड़ काटते समय बस नदी में जा गिरी। सर्वश्री पी० डी० खांडके तथा शंकरराव बन्धु देसाई ने, जो वहां से गुजर रहे थे, बस को नदी में गिरते देखा। वे तत्काल नदी में कूद पड़े और यात्रियों को बचाने में जुट गए। उन्होंने सभी यात्रियों को बचा लिया। 18 यात्रियों को जो बुरी तरह से घायल हो गए पास के अस्पतालों में दाखिल करा दिया।

श्री प्रभाकर दत्तात्रेय खांडके तथा श्री शंकरराव अप्पू देसाई ने अपने जीवन के खतरे की परवाह न करते हुए कई व्यक्तियों की जान बचाकर अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

36. श्री एकनाथ दिनकर गायकर,
प्रागोने गोलावली, तालुका कल्याण,
जिला थाणे, महाराष्ट्र।

37. श्री अन्ना गोपाल खाणे,
वायेर्ल, पोस्ट वावली, तालुका कल्याण,
जिला थाणे, महाराष्ट्र।

38. श्री पाटिल वान्दार कुन्डलिक,
अध्यक्ष, कांग्रेस (आई),
गोलावली एम० आई० डी० सी०, डोम्बीवाली,
तालुका कल्याण, जिला थाणे,
महाराष्ट्र।

29 अगस्त, 1984 को कल्याण नगर निगम के गोलावली क्षेत्र के निकट अति उच्च वोल्टेज वाली बिजली की एक तार गिर जाने से 6 व्यक्ति बहुत गंभीर रूप से जख्मी हो गए और बहुत से लोगों को भी बिजली का झटका लग जाने का डर था। स्थिति को देखते हुए सर्वश्री एकनाथ दिनकर गायकर, अन्ना गोपाल खाणे तथा पाटिल वान्दार कुन्डलिक उस तरफ भागे और एक लकड़ी की चारपाई की सहायता से उन्होंने सभी व्यक्तियों को बचा लिया।

श्री एकनाथ दिनकर गायकर, श्री अन्ना गोपाल खाणे और श्री पाटिल वान्दार कुन्डलिक के अदम्य साहस, समझबूझ तथा तत्परता के कारण 6 व्यक्तियों को बिजली से मरने से बचाया जा सका।

39. कुमारी शांता बाबूराव वारेकर,
पोस्ट घोड़ेगांव, तालुका श्री गौड़ा,
जिला अहमदनगर (महाराष्ट्र)।

3 फरवरी, 1987 को कुमारी शांता बाबूराव वारेकर (8 वर्ष) अपने भाईयों राजू (6 वर्ष), विजू (4 वर्ष) तथा सतीश (11 महीने) के साथ एक इमली के पेड़ के नीचे खेल रही थी। खेलते समय उसके तीनों भाई पास के एक कुएं में गिर पड़े। कुमारी शांता तत्काल कुएं में कूद पड़ी, हालांकि वह तैरना नहीं जानती थी तो भी वह बारी-बारी उन्हें कुएं की सीढ़ियों के पास ले आयी। बाद में उसने उन्हें कुएं से बाहर निकाल लिया।

कुमारी शांता बाबूराव वारेकर ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए अपने तीनों भाईयों को बचाकर अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

40. श्री अफजल पटेल,
एट एण्ड पोस्ट औरवाडी, तालुका शिरोल,
जिला कोल्हापुर (महाराष्ट्र)

9 जुलाई, 1987 को श्री अप्पा नायकवाड़ी कृष्णा नदी में नहाते हुए अचानक फिसले तथा उफनती नदी में गिर पड़े। जहां यह घटना घटी वहां बाढ़ का पानी औरवाद तथा नरसिन्हावडी को जोड़ने वाले पुल के 10 फुट ऊपर तक बह रहा था। श्री अफजल पटेल ने जो पास के खेतों में काम कर रहे थे श्री नायकवाड़ी को डूबते हुए देखा। वह अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना तत्काल नदी में कूद पड़े और उस अभागे व्यक्ति को अपनी पीठ पर घसीट कर किनारे पर ले आए।

श्री अफजल पटेल ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए श्री नायकवाड़ी के जीवन को बचाकर अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

41. श्री रोबुना,
तुईपुई, दरजोकाई, डाकखाना हनाथियाल,
मिजोरम।

28 अप्रैल, 1987 को दोपहर लगभग एक बजे एक नौका में जीवें और असम राइफल्स के कार्मिक तथा उसके परिवार एवं कुछ असैनिक कालादान नदी के उस पार जा रहे थे। यह नौका कालादान नदी में उलट गयी और सभी यात्री डूबने लगे। कुछ यात्री नौका से गिरे हुए टाट के उन बोरों को पकड़ने की कोशिश कर रहे थे जो तेज धार में बहते जा रहे थे। 4 वर्ष की एक छोटी-सी लड़की बड़ी मुश्किल से बोरे को पकड़े हुए नदी के बीच बहती जा रही थी। श्री रोबुना ने जो पास में ही खेल रहे थे, देख लिया और उसे बचाने के लिए दौड़ पड़े।

श्री रोबुना वहाँ बंधी हुई एक डोंगी में कूद पड़े तथा उस लड़की की ओर जाने लगे। वह लड़की के पास पहुंचे और उसका हाथ पकड़ लिया जिससे डोंगी अनियंत्रित होकर बहने लगी। परिश्रम के साथ उन्होंने सहमी हुई उस लड़की को अपनी डोंगी में डाल लिया और वापस नदी के किनारे की तरफ बढ़ने लगा। उसी क्षण उसने एक औरत को उस उलटी हुई नौका के निकट डूबते हुए देखा तथा फौरन उसकी ओर बढ़ गया। उसके निकट पहुँच कर उसने चप्पू छोड़ दिया और उस औरत को उठाने की कोशिश की। लेकिन वह औरत बहुत भारी थी और वह स्वयं दुबला-पतला था इसीलिए वह उसे उठाकर डोंगी में न डाल सका। तब उसने उस औरत को बालों से पकड़ लिया और उसके मुंह को पानी से ऊपर रखा फिर मदद के लिए शोर मचाया। तभी एक दूसरी नौका वहां आ पहुंची जिसमें तीन युवक सवार थे और उन्होंने उसमें औरत को खींच कर डोंगी में डाल दिया।

श्री रोबुना ने मानवता के प्रति अगाध लगाव और दृढ़ इच्छा के कारण अपने जीवन के प्रति गंभीर खतरे की परवाह किए बिना दो व्यक्तियों को अवश्यंभावी मौत से बचा लिया।

42. श्री वनगुडा,
तुईपुई, दरजोकाई,
डाकखाना हनाथियाल,
मिजोरम।

28 अप्रैल, 1987 को दोपहर लगभग एक बजे श्री वनगुडा कालादान नदी के तट पर तुईपुई नौका में बैठे थे। अचानक उन्होंने कुछ हलचल सी सुनी तथा नदी की ओर देखा। उन्होंने पाया कि एक नौका नदी के बीच उलट रही थी। उन्होंने सभी यात्रियों को नदी में गिरते देखा। नौका में सवार दो व्यक्तियों ने नदी में गिरते समय एक स्टील की तारवाली रस्सी को पकड़ लिया जो नदी के किनारे खड़ी हुई एक नौका से बंधी हुई थी। ये दोनों व्यक्ति नदी की तेज धारा से खिंचते चले जा रहे थे और बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाने के लिए तारों को पकड़े हुए थे। श्री वनगुडा ने तुरन्त एक देसी नौका ली तथा तेज धारा के विपरीत जाकर घटनास्थल पर पहुंचे तथा संघर्षरत दोनों व्यक्तियों को बचा लिया।

श्री वनगुडा की जान को गंभीर खतरा होते हुए भी उनके इस साहसिक कार्य से दोनों व्यक्तियों की जान बचायी जा सकी।

43. कुमारी लालनुनपुई,
गांव तथा डाकघर कोलोसिब,
मिजोरम।

23 दिसम्बर, 1987 को दोपहर लगभग एक बजे रावपुई गांव, जिला लुंगले के समीप एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया और सड़क से कई मीटर नीचे तेज ढलान पर लुढ़क गया। इस ट्रक में ड्राइवर तथा हैंडीमैन सहित कुल 23 व्यक्ति थे। उनमें से छह व्यक्ति दुर्घटनास्थल पर ही मर गए तथा शेष सभी 17 व्यक्तियों को चोटें आई।

इन घायल व्यक्तियों में से एक 17 वर्षीय कुमारी लालनुनपुई बड़ी कठिनाई से सड़क पर चढ़ गई और चोटें लगने तथा सदमा पहुंचने के बावजूद वह मदद के लिए रात के गहन अंधेरे में अकेली ही 4 किलोमीटर दूर सबसे पास के गांव रावपुई गई। रावपुई गांव के निवासी तुरन्त घटनास्थल पहुंचे तथा उन्होंने बचाव कार्य प्रारम्भ किया। उन्होंने तुरन्त सभी घायल व्यक्तियों को पास के अस्पताल पहुंचाया तथा छह मृतक व्यक्तियों को भी उनके निवास स्थान पर पहुंचा दिया।

कुमारी लालनुनपुई ने अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया और बहुत से व्यक्तियों की जान बचाने में मदद की।

44. कुमारी ज्योत्सनामयी बहेड़ा,
पुत्री श्री सुबाल बहेड़ा,
ग्राम नुआ साही, पो०/डाकखाना,
एथामनिक, पुलिस स्टेशन एथामनिक,
जिला धेनकनाल (उड़ीसा)।

11 जुलाई, 1986 को प्रातः लगभग 10 बजे जब कुमारी ज्योत्सनामयी बहेड़ा स्कूल जाते समय "पुलिस बन्ध" नामक एक तालाब की मेंड़ से गुजर रही थी तो उसने दो लड़कियों को तालाब में डूबते हुए देखा। वह तुरन्त उस तालाब में कूद पड़ी और तैरकर उनके पास पहुंची। वह निरन्तर उन संघर्षरत लड़कियों को तालाब के कम पानी वाले भाग की ओर धकेलती रहीं जहां उनके पांव जमीन को छूने लगे। इस प्रकार वह उनकी जान बचाने में सफल हुई।

कुमारी ज्योत्सनामयी बहेड़ा ने अपनी जान को गंभीर खतरे की परवाह किए बिना उन दो लड़कियों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

45. श्री डैनी प्रधान
ग्राम टिहीड़ी थाना टिहीड़ी,
जिला बालासोर (उड़ीसा)

14 जून, 1986 को प्रातः लगभग 11 बजे दो लड़के स्नान करते हुए अचानक गांव के एक तालाब में आ गिरे। उन्हें तैरना नहीं आता था, इसीलिए वे अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। श्री डैनी प्रधान श्रमिक ने जो पास ही कार्य कर रहे थे इस दृश्य को देखा। वह तालाब की ओर दौड़े तथा उसमें कूद पड़े। उन्होंने दोनों लड़कों को उठाया तथा तैरकर तालाब के किनारे ले आए।

श्री डैनी प्रधान ने अपनी जान को गहरे जोखिम में डालकर दो लड़कों की जान बचाने में अदम्य साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

46. मास्टर अंकुर खुराना,
पुत्र मेजर ए० के० खुराना,
19 मैकेनाइज्ड बटालियन,
मार्फत 56 ए० पी० ओ०।

18 जनवरी, 1987 को दिन में लगभग 11 बजे चार बच्चे नामतः मास्टर शान्तनु ओबेराय (10 वर्ष) मास्टर सौरभ ओबेराय (8 वर्ष), मास्टर अंकुर खुराना (9 वर्ष) और कुमारी आस्था खुराना (6 वर्ष) मान्धूवाली सैनिक क्षेत्र में स्थित 20-25 फुट गहरी झील के पास खेल रहे थे। इनमें से कोई भी बच्चा तैरना नहीं जानता था। कुमारी आस्था खुराना अचानक फिसलकर तालाब में जा गिरी और डूबने लगी। यह देखकर मास्टर सौरभ ओबेराय उसे बचाने के लिए तालाब में कूद पड़ा लेकिन वह स्वयं भी डूबने लगा। उन्हें डूबता देखकर कुमारी आस्था खुराना का बड़ा भाई मास्टर अंकुर खुराना भी तालाब में कूद पड़ा। वह उन दोनों को किनारे तक ले आया किन्तु वह उनको बाहर न निकाल सका क्योंकि किनारा ऊंचा तथा फिसलन वाला था। अंकुर खुराना जूझ रहा था तभी मास्टर शान्तनु ने जो तालाब के किनारे सहायता के लिए पुकार रहा था, एक पेड़ की टहनी के सहारे उसकी सहायता की। पास से गुजर रहे एक सन्तरी ने चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनीं और वह दौड़कर घटनास्थल पर आ पहुंचा और तीनों बच्चों को बाहर निकाल लाया, किन्तु उस समय तक कुमारी आस्था खुराना और मास्टर सौरभ ओबेराय मर चुके थे।

मास्टर अंकुर खुराना ने दो की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

47. श्री रघुवीर सिंह,
पुत्र श्री पदम सिंह,
निवासी घेर नसवारियां,
गंगा मन्दिर,
भरतपुर (राजस्थान)

सन् 1957 में श्री रघुवीर सिंह ने सुजान गंगा नहर में डूबती हुई दो लड़कियों की जान बचाई थी।

13 जुलाई, 1982 को श्री बाबूलाल माथुर के घर में गैस सिलेण्डर को आग लग गई और आग फैलने लगी। श्री रघुवीर सिंह अपनी जान की परवाह किए बिना छत पर चढ़कर मकान के भीतर कूद गए। उन्होंने जलते हुए सिलैण्डर को पकड़ा और उसे कपड़ों में लपेटकर घर से बाहर खुले मैदान में ले आए। उन्होंने सिलैण्डर पर रेत और मिट्टी डालकर आग बुझा दी और इस प्रकार से विनाश को बचा लिया।

14 जनवरी, 1986 को श्री रघुवीर सिंह ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए कुएं में कूदकर कुएं में डूब रहे एक पांच वर्ष के बच्चे की जान बचाई थी।

श्री रघुवीर सिंह ने अपने जीवन के खतरे की परवाह न करते हुए तीन मौकों पर जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

48. श्री गौतम कुमार सनाढ्य,
पुत्र श्री राधा कृष्ण सनाढ्य,
वार्ड नं० 15, रेती मोहल्ला,
कांकरोली, जिला उदयपुर (राजस्थान)।

22 मई, 1987 को अहमदाबाद से कांकरोली मन्दिर में आया एक तीर्थयात्री पास के तालाब में स्नान कर रहा था। पानी के तेज बहाव के कारण वह तालाब में गिर गया और डूबने लगा। पास खड़े लोगों ने सहायता के लिए चीख-पुकार की। श्री गौतम कुमार सनाढ्य जो वहीं मौजूद थे, तत्काल तालाब में कूद पड़े और उसे बचा लिया।

21 जून, 1987 को श्री सनाढ्य डूबते हुए एक व्यक्ति को बचाने के लिए तालाब में कूद पड़े किन्तु केवल उसका मृतक शरीर ही उनके हाथ लगा।

9 अगस्त, 1987 को तीन लड़के तालाब में नौका-विहार कर रहे थे कि उनकी नाव कांटेदार झाड़ियों में उलझ गई। यह देखकर श्री सनाढ्य तालाब में कूद पड़े और लगभग 300 मीटर तैरने के पश्चात नाव को सुरक्षित स्थान पर ले आने में सफल हुए। इस प्रकार उन्होंने तीन युवकों की जान बचाई।

श्री सनाढ्य ने अपनी सुरक्षा के गंभीर खतरे की परवाह किए बिना खतरे में घिरे लोगों की जान बचाने में तीन अवसरों पर अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

49. श्री पी० एस० हमीद,
बोट लासकर,
पोर्ट डिपोर्टमेंट, अमीनी,
लक्षद्वीप।

14 जुलाई, 1984 को लक्षद्वीप प्रशासन के पत्तन विभाग की पैदलो नौका जहाज से 25 यात्रियों को लेने के पश्चात् कवारत्ती के लैगून में प्रवेश करते समय खुले समुद्र से बहकर भयंकर लहरों के कारण उलट गई। नौका में सवार सभी लोगों की जान संकट में थी। प्रशासन की "कामिनी" नामक एक नौका उनके बचाव के लिए आई। "कामिनी" के लासकर श्री पी० एस० हमीद ने अपने जीवन के खतरे की परवाह न करते हुए, दल के अन्य सदस्यों की सहायता से असहाय व्यक्तियों को बचाने का भरसक प्रयत्न किया। श्री हमीद एवं "कामिनी" के दल के अन्य सदस्यों द्वारा समय पर की गई कार्रवाई से एक व्यक्ति को छोड़कर शेष सभी यात्रियों की जान बचा ली गयी।

श्री पी० एस० हमीद ने कई व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

50. 4454285 लांस नायक देवी दयाल,
14 सिख एल० आई०, मार्फत 56 ए० पी० ओ०।

51. 4455987 सिपाही भिन्दर सिंह,
14 सिख एल० आई०, मार्फत 56 ए० पी० ओ०।

52. 4459586 सिपाही बलबार सिंह,
14, सिख एल० आई० मार्फत 56 ए० पी० ओ०।

53. 4463145 सिपाही अमरीक सिंह,
14 सिख एल० आई०, मार्फत 56 ए० पी० ओ०।

54. 4454749 सिपाही लखवीर सिंह,
14 सिख एल० आई०, मार्फत 56 ए० ओ० पी०।

55. 4462092 लांस नायक परगट सिंह,
14 सिख एल० आई०, मार्फत 56 ए० पी० ओ०।

56. 4462400 सिपाही गुरमेल सिंह,
14 सिख एल० आई०, मार्फत 56 ए० पी० ओ०।

57. 4464042 सिपाही लखबीर सिंह,
14 सिख एल० आई०, मार्फत 56 ए० पी० ओ०।

9 जुलाई, 1987 को प्रातः लगभग 4.30 बजे दिल्ली जाने वाली दक्षिण एक्सप्रेस के आगे के कुछ डिब्बे अचानक भयंकर बाढ़ के कारण पटरी से उतर कर पलट गए। 14 सिख लाईट इन्फैंट्री के उपरोक्त जवान, जो उसी रेल में यात्रा कर रहे थे, शीघ्र ही बचाव कार्य में जुट गए।

वे मूसलाधार वर्षा में कमर तक गहरे पानी के तेज बहाव से होते हुए पटरी से उतरे हुए डिब्बों पर चढ़ गए। उन्होंने अन्य जवानों की मदद से डूबते हुए लगभग 70 यात्रियों को बचाने में सफलता पाई।

प्रातः लगभग 5 बजे जब पौ फटी और बारिश हल्की हुई तो कुछ दिखाई देने लगा। तब उन्होंने देखा कि गाड़ी के दो अन्य डिब्बे लगभग 150 फुट दूर पानी में बह रहे थे और लगभग पूरी तरह से डूबे हुए थे। वे उल्टे हुए डिब्बों पर चढ़ गए और देखा कि एक दुबली-पतली लड़की खिड़की की सलाखों को पकड़े हुए थी। खिड़की को तोड़कर कुछ जवान गदले पानी में तैरकर गए और लड़की को बचा लिया। बाद में, इन जवानों ने इस धंसे हुए डिब्बों से चौबीस शवों को बाहर निकाला।

प्रातः लगभग 5.30 बजे उन्होंने देखा कि एक महिला अपने डूबते हुए बच्चे को बचाने के लिए बाढ़ के पानी के भंवर में कूद रही थी। कुछ ही क्षणों में वह तेज बहाव में घिर गई और बहने लगी। एक जवान फुर्ती से गहरे पानी में घुसा और गदले पानी से होकर उस महिला को पकड़ने का प्रयत्न किया, किन्तु वह कीचड़ में फिसल गया और उसका बायां टखना मुड़ गया और बायें घुटने पर चोट आ गई। चोट की परवाह न करते हुए वह उठा और दो अन्य जवानों की सहायता से डूबती हुई महिला को बचाने में सफल हुआ।

सिख लाईट इन्फैंट्री के इन जवानों ने अपनी जान के खतरे की परवाह किए बिना, रेल दुर्घटना के शिकार लोगों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

58. 4549603 लांस नायक,
शर्मा मोहन लाल गीगा भाई,
11 महर सी/ओ० 56 ए० पी० ओ०।

1 फरवरी, 1987 की आधी रात को लोक निर्माण विभाग की भंडारशाला में जहां सेना और लोक निर्माण विभाग के कार्मिक सो रहे थे, विनाशकारी आग लग गई और खतरे की चेतावनी दी गई।

इंफैंट्री रेजीमैंट का ड्राईवर, लांस नायक शर्मा मोहन लाल गीगा भाई जो अपनी गाड़ी में सोया हुआ था जाग उठा और घटनास्थल की ओर भागा। तेज हवा के कारण आग प्रचण्ड रूप धारण करती गई और तेजी से फैलने लगी। उसके मौके को भांप लिया और वीरता से आगे बढ़ा। दरवाजा अंदर से बंद था, उसने ठोकर मारकर उसे तोड़ दिया और तभी आग की लपटों से उसका सामना हुआ। उसने धुएं में से झांककर देखा कि लोक निर्माण विभाग का एक चौकीदार अंदर पड़ा हुआ था और उसके कपड़ों में आग लगी हुई थी। उसने जान की परवाह किए बिना कमरे में घुसकर चौकीदार को उठा लिया और उसे बाहर ले आया। इस प्रक्रिया में उसके कपड़ों में आग लग गई। अन्य जवानों ने जो तब तक बाहर इकट्ठे हो चुके थे, दोनों को पकड़कर कम्बलों में लपेट लिया।

लांस नायक शर्मा मोहन लाल गीगा भाई ने एक व्यक्ति की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

59. 4178257 सिपाही बिक्रम चन्द,
16 कुमाऊं, सी/ओ 56 ए० पी० ओ०।

60. 4174257 नायक हयात सिंह,
16 कुमाऊं सी/ओ० 56 ए० पी० ओ०।

17 अप्रैल, 1987 को सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर श्रीमती सुक्खी देवी जो बीकानेर गंगनहर में कपड़े धोने गई हुई थी, फिसल कर नहर में गिर गई। वह डूबने लगी और पानी की तेज धारा से दूर बहती जा रही थी। नहर 15 फुट गहरी थी तथा 2.5 नाट की रफ्तार से बह रही थी और नहर के किनारे ढलवें थे तथा उन पर ईंटें लगी हुई थीं। उसकी 10 वर्षीय लड़की ने मदद के लिए बेतहाशा चीखना-चिल्लाना शुरू किया। उसकी चीख-पुकार सुनकर सिपाही बिक्रम चन्द ने, जो लगभग 100 मीटर दूरी पर अपने बंकर की मरम्मत कर रहा था, डूबती हुई महिला की उंगलियां पानी के ऊपर देखीं। वह अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना नहर में कूद पड़ा तथा उसे पानी से खींचकर बाहर किनारे तक लाने का प्रयत्न किया। सिपाही बिक्रम चन्द स्वयं कुशल तैराक नहीं था, इसलिए उस महिला ने उसे भी पानी में खींच लिया और इस तरह तर्दनाक संघर्ष शुरू हुआ तथा और सिपाही लगभग डूबने लगा। ऐसी परिस्थिति में भी सिपाही बिक्रम चन्द ने हिम्मत नहीं हारी तथा अपनी कोशिश जारी रखी। इसी बीच उसके सेक्शन कमांडर नायक हयात सिंह ने जो कुशल तैराक था नहर में गोता लगाया और उस महिला तक जा पहुंचा लेकिन वह भी महिला की मजबत पकड़ में आ गया और पानी में नीचे खिंचता चला गया। तथापि, उसने अपने को महिला की पकड़ से छुड़ा लिया लेकिन उसकी महिला पहुंच से बाहर हो गई। तभी महिला के वस्त्रों का कोई हिस्सा पानी की सतह पर दिखाई दिया और उसने तुरन्त उसे पकड़ लिया तब वह जैसे-तैसे उस बेहोश महिला को पानी से बाहर ले आया। दोनों जवानों ने उस महिला को प्राथमिक चिकित्सा देकर उसे पुर्नजीवन दिया।

इस प्रकार सिपाही बिक्रम चन्द तथा नायक हयात सिंह ने अपनी जान की परवाह न करते हुए एक डूबती हुई महिला की जान बचाकर अनुकरणीय साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

61. 9083489 नायक गुल्लू राम,
11 जे० ए० के० एल० आई०, मार्फत 56 ए० पी० ओ०,

62. 9081002 लांस हवलदार सुभाष चन्द्र,
11 जे० ए० के० एल० आई०, मार्फत 56 ए० पी० ओ०।

7 अगस्त, 1986 को लगभग दोपहर के 2 बजे एक सिविल गाड़ी 11 जे० ए० के० एल० आई०, डिटेचमेंट कैम्प से लगभग 300 मीटर दूर भागीरथी नदी में गिर गई। यह देखकर कैम्प में ड्यिटी के संतरी ने खतरे का घंटा बजा दिया जिसे सुनकर नायक गुल्लू राम, लांस हवलदार सुभाष चन्द्र तथा अन्य जवान घटना स्थल पर पहुंच गए।

उन्होंने देखा कि डूबे हुए वाहन के कुछ लोग उफनती हुई नदी में तैरने का प्रयास कर रहे थे। पानी बिल्कुल गंदला था इसलिए वाहन नजर नहीं आ रहा था। नायक गुल्लूराम और लांस हवलदार सुभाष चन्द्र रस्सी के एक सिरे को टेलीफोन के खम्बे से तथा दूसरे को अपने शरीर से बांध कर नदी में कूद पड़े। वे गिरे हुए वाहन की तरफ बढ़े और डूबे हुए वाहन में फंसे यात्रियों की खोज शुरू कर दी। भारी मुश्किलों के बावजूद आखिरकार वे पांच व्यक्तियों को जल समाधि से बाहर निकालकर उनकी जान बचाने में कामयाब हुए।

नायब गुल्लू राम और लांस हवलदार सुभाष चन्द्र ने अपनी जान के खतरे की परवाह किए बिना पांच डूबते हुए व्यक्तियों की जान बचाने से अनुकरणीय साहस, तत्परता और उच्च कोटि के शौर्य का परिचय दिया।

63. 3372541 हवलदार मेजर सिंह,
7 सिख, द्वारा 56 ए० पी० ओ०,

64. 3378921 सिपाही सुरेन्द्र सिंह,
7 सिख, द्वारा 56 ए० पी० ओ०,

65. 13935488 लांस नायक/कार्पेंटर बृजभूषण शर्मा,
7 सिख, द्वारा 56 ए० पी० ओ०।

4 फरवरी, 1987 को दोपहर बाद लगभग 3.30 बजे, घरेलू सामान से लदा एक ट्रैक्टर, जिस पर तीन नागरिक सवार थे, खालरा-हरी के पुल को पार करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया और लगभग 15 फुट गहरे और आठ फुट से भी ज्यादा पानी भरे नाले में जा गिरा।

पास ही काम कर रहे हवलदार मेजर सिंह ने जोरदार धमाके की आवाज सुनी और वह सहायता के लिए चिल्लाता हुआ पुल की ओर भागा। उसका चिल्लाना सुनकर उसके अन्य दो साथी, सिपाही सुरेन्द्र सिंह और लांस नायक/कार्पेंटर बृज भूषण शर्मा भी पुल की ओर भागे। उन्होंने तत्काल बर्फीले पानी में कूद कर दुर्घटनाग्रस्त लोगों को बचा लिया। तब उन्होंने बेहोश पड़े उन दुर्घटनाग्रस्त लोगों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रदान की और फिर तत्काल उन्हें एडवांस ड्रेसिंग स्टेशन 307 फील्ड एबुलेंस ले गए। बहादुर जवानों ने समय पर साहसिक कार्य करके दो व्यक्तियों की जान बचाई। दुर्घटनाग्रस्त तीसरा व्यक्ति दुर्भाग्यवश मर गया।

हवलदार मेजर सिंह, सिपाही सुरेन्द्र सिंह और लांस नायक/कार्पेंटर बृजभूषण शर्मा ने अपनी जान के जोखिम की परवाह किए बिना दो व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस, सूझ-बूझ और तत्परता का परिचय दिया।

66. जे० सी० 112415 सूबेदार शोभनाथ,
14 राजपूत, द्वारा 56 ए० पी० ओ०।

12 अक्तूबर, 1985 को जब लांस नायक भरत राम और सिपाही कन्हैया पाण्डे बेतवा नहर में वाटरमैनशिप का प्रशिक्षण ले रहे थे, उसी समय उनकी नाव उलट गई। सूबेदार शोभनाथ जो वहीं थे उनकी सहायता के लिए आए और उन्होंने उनको डूबने से बचा लिया।

24 जुलाई, 1986 को एक नए सिपाही सुधाकर शर्मा ने ग्रेनेड से छेड़छाड़ करते हुए अपना सेफ्टी पिन निकाल दिया तथा ग्रेनेड को थरोइंग बे में ही फेंक दिया। सूबेदार शोभनाथ ने, जो अगली ही थरोइंग बे में थे खतरा महसूस किया और थरोइंग बे में कूद पड़े। उन्होंने ग्रेनेड को उठाकर बाहर फेंका दिया और ग्रेनेड तत्काल फट गया।

सूबेदार शोभनाथ ने डूबने से दो व्यक्तियों की जान बचाने में और दुर्घटनावश थरोइंग बे में गिराए गए ग्रेनेड का विस्फोट होने से रोकने में विशेष उत्साह और तत्परता का परिचय दिया।

67. श्री राम अवतार, (मरणोपरान्त)
16/1-06, राम चन्द्रपुरी,
निकट मेदा मिल फाटक,
सहारनपुर (उ० प्र०)।

23 अप्रैल, 1987 को एक टैंक ट्रक सहारनपुर बी० पी० सी० डिपो से पैट्रोल भरकर ले आ रहा था। जब टैंक ट्रक जी० टी० रोड पार करने के पश्चात् सहारनपुर रेलवे गुड्स शैड रोड पर प्रवेश कर रहा था तो झटका लगने से रीयर कम्पार्टमेंट से सड़क के साइड में बने ढाबे की खुली भट्टी के पास पैट्रोल बिखर गया और परिणामस्वरूप आग लग गई। ढाबे में और उसके आसपास बैठे 16 व्यक्ति आग की चपेट में आ गए।

इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटिड, सहारनपुर, का एक वरिष्ठ खलासी श्री राम अवतार, जो उस समय वहां मौजूद था, आग बुझाने और बदकिस्मत लोगों की मदद के लिए दौड़ा। ऐसा करते हुए वह स्वयं 100 प्रतिशत जल गया और 24 अप्रैल, 1987 को उसकी मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना में 5 अन्य पीड़ितों की भी मृत्यु हो गई।

श्री राम अवतार ने आग की चपेट में आए बहुत से व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया किन्तु दुर्भाग्यवश उसकी अपनी जान चली गयी।

68. जी/91509 ओवरसीयर हरभजन सिंह,
394 रोड मैनटेनैंस प्लाटून,
(प्रोजेक्ट दीपक) द्वारा 56 ए० पी० ओ०।

16,047 फुट की ऊंचाई पर स्थित मनाली सरचू सड़क प्रोजैक्ट हिमांक के 800 से अधिक उन श्रमिकों के लिए मौत का फंदा बन गया जो 17 अक्तूबर, 1987 को मनाली के रास्ते लेह से चंडीगढ़ के लिए सड़क मार्ग से रवाना हुए थे क्योंकि हिमशैल गिरने के कारण लेह-श्रीनगर के बीच सड़क मार्ग बन्द हो गया था। 18 अक्तूबर, 1987 को लगभग शाम 7 बजे जब हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम की 8 बसों और जी० आर० ई० एफ० के वाहनों का काफिला वहां पहुंचा तो भारी हिमपात हो रहा था। कम दिखाई देने और भारी हिमपात के कारण बसों के लिए आगे बढ़ना असम्भव हो गया था। 20 अक्तूबर को हुए लगातार हिमपात में फंसे व्यक्तियों और बसों की दशा और खराब हो गई। 21 अक्तूबर को कुछ यात्री केवल पैदल ही आगे चल सके किन्तु बर्फ में लगातार चलने में उन्हें कठिनाई हुई क्योंकि वे अच्छी तरह से सुसज्जित नहीं थे। समय की यही पुकार थी कि किसी भी तरह इन व्यक्तियों को बचाया जाए।

38 बी० आर० टी० ई० के अन्तर्गत 394 आर० एम० पी० एस० (110 आर० सी० सी०) के जी/91509 ओवरसीयर हरभजन सिंह ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए जोखिम भरे मौसम और अपने जीवन के गंभीर खतरे की परवाह किए बिना बचाव कार्य का संचालन किया। उन्होंने फंसे हुए श्रमिकों को निकालने के लिए ऊपर-नीचे जाकर व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण किया। इस कार्य में सहायता करने के लिए उनके पास केवल 30 सी० पी० श्रमिक थे। सभी मुश्किलों के बावजूद वह सड़क को साफ करने के काम की देखभाल करते रहे और बीमार व्यक्तियों को अपने कंधे पर उठाकर नीचे कैम्प में ले गए। इस प्रकार श्री हरभजन सिंह ने कम से कम 20 व्यक्तियों की जान बचाई जो अन्यथा बर्फ के काटने से बुरी तरह प्रभावित होते जिससे उनकी टांग काटनी पड़ जाती या उन्हें अपनी जान गवानी पड़ जाती।

श्री हरभजन सिंह ने अपने जीवन के गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए बहुत से असहाय लोगों की जान बचाने में अदम्य साहस, दृढ़-निश्चय, मानव के प्रति सहानुभूति एवं तत्परता का परिचय दिया।

69. श्री किशन गोपाल दवे (मरणोपरान्त)
समीप गोपाल भवन,
कलारियों का बास,
नागोरी गेट के अन्दर,
जोधपुर (राजस्थान)।

23 अप्रैल, 1988 को प्रातः 10.30 बजे जब श्रीमती कमला रसोईघर में खाना पका रही थी तभी सिलैंडर सप्लाई करने वाला टाकिंग गैस सिलेंडर देने आया। जैसे ही उसने वाल्व से कैप हटाई, गैस तेजी से रिसने लगी। उसने तत्काल परिवार के सदस्यों से बाहर चले जाने को कहा। चूंकि गैस तेजी से फैल रही थी, इस वजह से घर में आग लग गई और बहुत से व्यक्ति आग की चपेट में आ गए।

पीड़ित व्यक्तियों की चीख-पुकार सुनकर श्री किशन गोपाल दवे एवं एवं उसका छोटा भाई श्री ओम प्रकाश पड़ोस के कुछ अन्य व्यक्तियों के साथ फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए घटनास्थल पर आ पहुंचे। वे जलते हुए घर में एक लड़की को सफलतापूर्वक बाहर ले आए। एक और लड़की बुरी तरह से जल जाने के कारण पहले ही प्राण त्याग चुकी थी। श्री किशन गोपाल दवे ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना जलते हुए सिलेंडर को पकड़कर फेंक दिया। किन्तु ऐसा करते हुए वह स्वयं गंभीर रूप से जल गए और एक सप्ताह बाद अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई।

श्री किशन गोपाल दबे ने अपनी जान देकर अपने पड़ौसियों की जान माल की रक्षा करने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

सु० नीलकण्ठन, निदेशक

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 24 फरवरी 1989

स० एफ 16 (19) पी० डी०/87—भारत सरकार एतद्द्वारा वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) की दिनांक 30 जून, 1975 की अधिसूचना संख्या 16(1) पी० डी०/75 के अन्तर्गत घोषित और उसकी दिनांक 12-6-1985 की अधिसूचना संख्या 16(8) पी० डी०/84 के द्वारा विस्तारित गैर-सरकारी भविष्य, अधिवर्षता और उपदान निधियों के लिए विशेष जमा योजना में निम्नलिखित संशोधन करती है।

2. पैरा 6 के अन्तर्गत, निम्नलिखित टिप्पणी अन्तर्विष्ट होगी :

"टिप्पणी. 10 मार्च, 1988 की अधिसूचना संख्या 16(19) पी० डी०/87 द्वारा वर्ष 1988 के लिए लागू की गई अर्धवार्षिक आधार पर ब्याज की अदायगी, वर्ष 1989 के लिए भी विस्तारित की गई है। ब्याज पहली जुलाई, 1989 और पहली जनवरी, 1990 को देय होगा।"

बी० बालसुब्रह्मणियन, विशेष कार्य अधिकारी

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(संस्कृति विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी 1989

संकल्प

सं० एफ० 23-53/83 सी० एच० 5 इस विभाग के दिनांक 21 अप्रैल, 1987 के समसंख्यक संकल्प में आंशिक संशोधन कर, केन्द्रीय संग्रहालय सलाहकार बोर्ड तथा इसकी स्थायी समिति का पुनर्गठन करते हुए, इस संकल्प के प्रकाशन की तारीख से बोर्ड, तथा इसकी स्थायी समिति की संरचना में निम्नलिखित अंगों को और जोड़ा जाता है :—

(i) बोर्ड की संरचना के भाग 8 के नीचे भारत सरकार के अधीन निम्नलिखित व्यक्ति को पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया जाता है :

15. प्रोफेसर सुरेश दलाल, सदस्य, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली।

(ii) बोर्ड की स्थायी समिति की संरचना में निम्नलिखित व्यक्तियों को भी शामिल किया जाता है और उनके नाम दिनांक 21 अप्रैल, 1987 के संकल्प के पैरा 7 के अंतर्गत क्रम सं० 11 से 13 तक में शामिल किए जाएंगे, अर्थात् :

11. महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, जनपथ, नई दिल्ली।

12. निदेशक, राष्ट्रीय सांस्कृतिक संपदा संरक्षण अनुसंधान प्रयोगशाला, ई/3, अलीगंज स्कीम, लखनऊ।

13. प्रोफेसर सुरेश दलाल, सदस्य, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली।

आदेश

1. आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी संबंधितों को भेज दी जाए।

2. यह भी आदेश दिया जाता है कि सामान्य सूचना के लिए संकल्प को भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित किया जाए।

आर० सी० त्रिपाठी, संयुक्त सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 28 फरवरी, 1989

संकल्प

सं० एफ० 8-30/88 सी० एच०-I—भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण के अनुसंधान, सर्वेक्षण कार्यक्रमों और अन्य कार्यकलापों की समय-समय पर समीक्षा करने तथा सरकार को उनकी अनुशंसा करने के उद्देश्य से शिक्षा और युवा सेवा संकल्प सं० एफ० 4-5/69 एस III दिनांक 1 सितम्बर, 1969 के अन्तर्गत एक सलाहकार समिति का गठन किया गया था तथा संस्कृति विभाग के संकल्प सं० एफ० 8-54/85 सी० एच०, दिनांक 26 जुलाई, 1985 द्वारा इसका पुनर्गठन किया गया था, राष्ट्रपति एतद्द्वारा भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण की सलाहकार समिति का पुनर्गठन करते हैं जिसकी संरचना और विचारार्थ विषय इस प्रकार होंगे :

(क) संरचना :

1. सचिव — अध्यक्ष
संस्कृति विभाग,
नई दिल्ली।

2. डा० आई० पी० सिंह, — उपाध्यक्ष
मानव विज्ञान विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली 110007.

3. प्रो० रघुबीर सिंह — सदस्य
मानव विज्ञान विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली 100007.

4. प्रो० बी० भल्ला — सदस्य
मानव विज्ञान विभाग,
पंजाब विश्वविद्यालय,
चण्डीगढ़-160014.

5. डा० ए० सी० भगवती, — सदस्य
मानव विज्ञान के प्रोफेसर,
गुवाहाटी विश्वविद्यालय,
गुवाहाटी 781014.

6. डा० पी० के० भौमिक, — सदस्य
मानव विज्ञान के प्रोफेसर,
कलकत्ता विश्वविद्यालय,
कलकत्ता।

7. डा० के० सी० त्रिपाठी, — सदस्य
मानव विज्ञान विभाग,
उत्कल विश्वविद्यालय
वाणी विहार,
भुवनेश्वर 751004.

8. डा० के० थिम्मा रेड्डी, डीन — सदस्य
इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विद्यालय,
तेलुगु विश्वविद्यालय,
श्रीसैलम कैम्पस,
श्रीसैलम 518001.

9. डा० राधिकासंद, — सदस्य
मानव विज्ञान के प्रोफेसर,
ए० एन० सिन्हा संस्थान,
पटना।

10. डा० बी० पकेम, — सदस्य
राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष
उत्तर पूर्वी पर्वतीय विश्वविद्यालय,
मयूरभंज काम्पलेक्स,
मैसूर 570006.

11. डा० फ्रांसिस एक्का, सदस्य
उप निदेशक,
केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान,
मैसूर 570006.

12. डा० एन० एन० श्याम सदस्य
निदेशक,
जनजातीय अनुसंधान संस्थान,
अशोकनगर,
उदयपुर।

13. डा० डी० बी० राववराव, सदस्य
निदेशक,
जनजातीय अनुसंधान संस्थान,
तमिल विश्वविद्यालय,
उद्गमण्डलम-643004.

14. डा० पी० के० श्रीवास्तव, सदस्य
प्रोफेसर एवं मानव विज्ञान विभागाध्यक्ष,
डा० हरीसिंह गौड़, विश्वविद्यालय,
सागर 470003.

15. प्रो० ए० आर० मोमिन, सदस्य
सांस्कृतिक मानव विज्ञान के रीडर,
समाज शास्त्र विभाग,
बम्बई विश्वविद्यालय कैम्पस,
कलीना,
बम्बई 400098

16. महा निदेशक सदस्य
भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण,
जनपथ,
नई दिल्ली।

17. महा-रजिस्ट्रीयक, सदस्य
भारत की जनगणना,
नई दिल्ली।

18. डा० श्याम सिंह शशि, सदस्य
निदेशक, प्रकाशन प्रभाग,
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,
पटियाला हाउस,
नई दिल्ली।

19. योजना आयोग के प्रतिनिधि, सदस्य
योजना भवन,
नई दिल्ली।

20. महानिदेशक, सदस्य
भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण,
नई दिल्ली।

21. निदेशक, सदस्य सचिव
भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण,
कलकत्ता।

(ख) विचारार्थ विषय

(i) भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण के अनुसंधान, सर्वेक्षण कार्यक्रमों और अन्य कार्यकलापों की समय-समय पर समीक्षा करना और उनके संबंध में सरकार को सिफारिश करना ;

(ii) सहयोगी अनुसंधान परियोजनाओं, कार्मिकों के आदान-प्रदान, विशेष अध्ययन, सेमिनारों, संगोष्ठियों और प्रकाशनों के विशेष संदर्भ में भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण और विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान विभागों के बीच सहयोग के विशेष उपायों की सिफारिश करना; और

(iii) उन सभी मामलों पर सलाह देना जो सरकार द्वारा इसे विशेष रूप से भेजे गए हों।

सलाहकार समिति के सदस्यों का कार्यकाल संकल्प जारी किए जाने की तारीख से तीन वर्ष तक के लिए होगा। तथापि, सरकार तीन वर्ष की अवधि पूरी होने से पूर्व ही बिना कोई कारण बताए किसी भी सदस्य की सदस्यता समाप्त कर सकती है अथवा सलाहकार समिति का पूरी तरह से पुनर्गठन कर सकती है।

समिति की बैठक आवश्यकतानुसार प्राय. बुलाई जाएगी लेकिन वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य बुलाई जाएगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक-एक प्रति भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण की सलाहकार समिति के सभी सदस्यों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सामान्य सूचना के लिए संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

एन० सिकदर, उप शिक्षा सलाहकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1989

संकल्प

सं० 15/12/88 आई० पी० एंड एम० सी०.-भारतीय जनसंचार संस्थान, जिसे देश में जनसंचार के माध्यम के रूप में प्रशिक्षण, अनुसंधान और विकास के लिए स्थापित किया गया था, उसके कार्य निष्पादन की पुनरीक्षा के लिए एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया है। समिति के निम्नलिखित सदस्य होंगे :

1. प्रो० एम० एन० श्रीनिवास, अध्यक्ष
78 ए, बेन्सन क्रास रोड,
बंगलौर 560042.

2. श्री यू० सी० तिवारी, सदस्य
49, मंदाकिनी इन्क्लेव,
नई दिल्ली 19.

3. श्री रामू पटेल, सदस्य
संपादक, वेस्टर्न टाइम्स,
गुजरात समाचार भवन,
खानपुर,
अहमदाबाद 300001.

4. एम० जे० अकबर, सदस्य
संपादक, दि टेलीग्राफ,
609, प्रफुल्ल सरकार स्ट्रीट,
कलकत्ता 700001.

5. श्री के० एस० कामिक, सदस्य
निदेशक,
विकास और शैक्षिक संचार एकक,
एस० ए० सी० पी० ओ०,
अहमदाबाद।

6. श्री आई० राम मोहन राव, सदस्य
प्रधान सूचना अधिकारी,
पत्र सूचना कार्यालय,
शास्त्री भवन,
नई दिल्ली।

7. श्री के० एस० वैद्यनाथन, सदस्य
संयुक्त सचिव,
सूचना और प्रसारण मंत्रालय,

सदस्य सचिव

8. डा० जे० एस० यादव,
निदेशक,
भारतीय जनसंचार संस्थान,
शहीद जीत सिंह मार्ग,
जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय परिसर,
नई दिल्ली ।

2. समिति निम्नलिखित की जांच करेगी:

(1) 1972–73 में की गई पिछली पुनरीक्षा से संस्थान के निष्पादन का सामान्य मूल्यांकन करना ;

(2) यह जांच करना कि संस्थान ने भारतीय जनसंचार संस्थान के उद्देश्यों जैसा कि एसोसिएशन के ज्ञापन में प्रतिपादित है, को किस सीमा तक पूरा करने में योगदान दिया है ;

(3) यह जांच करना कि क्या प्रासंगिक अवधि में किया गया खर्च, प्राप्त परिणामों के अनुरूप था ;

(4) शिक्षण, अध्यापन और अनुसंधान के उन क्षेत्रों का पता लगाना जिनमें संस्थान को, आगामी वर्षों में यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह माध्यम, माध्यम के लोगों, माध्यम के उपयोग कर्ताओं और माध्यम के प्रैक्टीशनरों की बदली और बदलती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए विशेष ध्यान देना चाहिए। इस उद्देश्य के लिए, यह समिति विद्यमान पाठ्यक्रम में संशोधन अथवा नया पाठ्यक्रम लागू करने का भी सुझाव देगी, जैसा ठीक समझेगी ।

3. समिति अपनी कार्यप्रणाली स्वयं तैयार करेगी और छः माह की [अव]धि के अंतर्गत अपनी रिपोर्ट देगी । समिति का मुख्यालय नई दिल्ली होगा ।

4. पुनरीक्षा समिति की बैठकों के मामले में यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते होने वाला व्यय उस विभाग/कार्यालय द्वारा वहन किया जाएगा जिसमें [सर]कारी सदस्य कार्यरत है । गैर सरकारी अध्यक्ष/सदस्य वित्त मंत्रालय [(व्य]य विभाग) के समय-समय पर यथा संशोधित दिनांक 5 सितम्बर, [19]80 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/25/ई 4/59 के अनुसार यात्रा और [दैनि]क भत्ता पाने के हकदार होंगे ।

आदेश

संकल्प की एक प्रति समिति के अध्यक्ष/सदस्यों, "भारत सरकार" के [सभ]ी मंत्रालयों और विभागों ए० जी० सी० आर०/डी० ए० सी० आर०, नई [दि]ल्ली को भेजने का आदेश दिया जाता है ।

सामान्य सूचना के लिए आदेश को भारत के राजपत्र में प्रकाशित करने [क]ा आदेश दिया जाता है ।

के० एस० बैसवान, संयुक्त सचिव

उद्योग मंत्रालय

औद्योगिक विकास विभाग

विकास आयुक्त (लघु उद्योग) का कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 मार्च, 1989

संकल्प

सं० 1(1)/89-ल० उ० बोर्ड--भारत सरकार, लघु उद्योग बोर्ड को [निम्]न प्रकार से पुनर्गठित करती है :--

[अध्]यक्ष :

1. उद्योग मन्त्री,
भारत सरकार,
उद्योग भवन, नई दिल्ली ।

सदस्य :

2. वाणिज्य मन्त्री,
भारत सरकार
उद्योग भवन, नई दिल्ली ।

3. इस्पात एवं खान मन्त्री,
भारत सरकार,
उद्योग भवन, नई दिल्ली ।

4. उद्योग मन्त्रालय,
औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री,
उद्योग भवन, नई दिल्ली ।

5. पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस,
राज्य मंत्री, भारत सरकार,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली ।

6. कृषि मन्त्रालय,
ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री,
भारत सरकार,
कृषि भवन नई दिल्ली ।

7. वित्त मन्त्रालय,
राज्य मंत्री (राजस्व),
भारत सरकार, नार्थ ब्लाक,
नई दिल्ली-110001 ।

8. श्री बीरेन सिंह इंगटी,
योजना मन्त्रालय तथा कार्यक्रम का कार्यान्वियन मन्त्रालय में
राज्य मंत्री, भारत सरकार,
सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली-110001 ।

9. खाद्य प्रक्रिया उद्योग में राज्य मंत्री,
परिवहन भवन, संसद मार्ग,
नई दिल्ली-110001

10. मानव संसाधन विकास मन्त्रालय,
युवा मामले एवं खेल और महिला तथा बाल विकास विभाग में
राज्य मन्त्री, भारत सरकार शास्त्री भवन,
नई दिल्ली ।

11. सदस्य (उद्योग)
योजना आयोग,
संसद मार्ग, नई दिल्ली ।

12. सचिव,
औद्योगिक विकास विभाग,
उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार,
उद्योग भवन, नई दिल्ली ।

13. सचिव,
वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार,
उद्योग भवन, नई दिल्ली ।

14. सचिव, (इस्पात),
इस्पात एवं खान मन्त्रालय, भारत सरकार,
उद्योग भवन, नई दिल्ली ।

15. सचिव (बैंकिंग),
वित्त मंत्रालय, भारत सरकार,
नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली ।

16. सचिव,
खाद्य प्रक्रिया उद्योग मंत्रालय, परिवहन भवन,
संसद मार्ग, नई दिल्ली ।

17. सचिव, (महिला एवं बाल विकास),
मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार,
[शास्त्री भवन, नई] दिल्ली ।

सदस्य :

18. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
आंध्र प्रदेश सरकार,
हैदराबाद ।

19. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
अरुणाचल प्रदेश सरकार,
इटानगर ।

20. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
असम सरकार,
दिसपुर ।

21. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
बिहार सरकार,
पटना ।

22. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
गुजरात सरकार,
अहमदाबाद ।

23. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
गोवा सरकार,
पणजी ।

24. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
हरियाणा सरकार,
चण्डीगढ़ ।

25. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
हिमाचल प्रदेश सरकार,
शिमला ।

26. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
जम्मू एवं कश्मीर सरकार,
श्रीनगर ।

27. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
कर्नाटक सरकार,
बंगलौर ।

28. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
केरल, सरकार, त्रिवेन्द्रम ।

29. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
मध्य प्रदेश सरकार, भोपाल ।

30. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
महाराष्ट्र सरकार, बम्बई ।

31. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
मणिपुर सरकार, इम्फाल ।

32. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
मेघालय, सरकार, शिलांग ।

33. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
मिजोरम सरकार, एजवाल ।

34. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
नागालैण्ड सरकार, कोहिमा ।

35. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
उड़ीसा सरकार, भुवनेश्वर ।

36. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
पंजाब सरकार, चण्डीगढ़ ।

37. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
राजस्थान सरकार, जयपुर ।

38. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
सिक्किम सरकार, गंगटोक ।

सदस्य :

39. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
तमिलनाडु सरकार, मद्रास ।

40. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
त्रिपुरा सरकार, अगरतला ।

41. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ ।

42. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
पश्चिम बंगाल, सरकार, कलकत्ता ।

43. उप राज्यपाल,
अण्डमान एवं निकोबार द्वीप,
पोर्ट ब्लेयर ।

44. उप राज्यपाल,
दमन एवं दीव ।

45. मुख्य आयुक्त,
चण्डीगढ़ प्रशासन, चण्डीगढ़ ।

46. प्रशासक,
दादरा एवं नगर हवेली,
सिलवासा ।

47. प्रशासक,
लक्षद्वीप, कवरत्ति,
एच० पी० ओ, कालीकट ।

48. मुख्य कार्यकारी पार्षद,
दिल्ली प्रशासन, दिल्ली ।

49. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
पांडिचेरी सरकार, पांडिचेरी

50. राज्यपाल,
भारतीय रिजर्व बैंक,
5, कारमिकेल मार्ग,
बम्बई-400 026 ।

51. अध्यक्ष,
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक,
227, विनय के० शाह मार्ग, नरीमन प्वाइंट,
बम्बई ।

52. अध्यक्ष,
भारतीय स्टेट बैंक,
केन्द्रीय कार्यालय, न्यू एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग,
मादाम कामा मार्ग, बम्बई-400 021 ।

53. अध्यक्ष,
भारतीय औद्योगिक वित्त निगम,
बैंक आफ बड़ौदा भवन, 16 संसद मार्ग,
नई दिल्ली-110001 ।

54. अध्यक्ष,
राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक,
पूनम चैम्बर, शिवसागर एस्टेट,
डा० ऐनी बेसेंट मार्ग, बम्बई-400 018 ।

55. अध्यक्ष,
राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लि०,
ओखला औद्योगिक एस्टेट,
नई दिल्ली ।

56. अध्यक्ष,
भारतीय राज्य व्यापार निगम लि०,
चन्द्रलोक भवन, 36 जनपथ,
नई दिल्ली-110001 ।

सदस्य :

57. अध्यक्ष,
भारतीय खनिज एवं धातु व्यापार निगम लि०,
एक्सप्रेस भवन, बहादुरशाह जफर मार्ग,
नई दिल्ली-110002।

58. अध्यक्ष,
भारतीय इस्पात प्राधिकरण
इस्पात भवन, सी० जी० ओ० काम्प्लैक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003।

59. भारतीय पैट्रो-कैमिकल्स कार्पोरेशन लि०,
पी० ओ० पैट्रो कैमिकल्स, बड़ौदरा,
(गुजरात)।

60. अध्यक्ष,
खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ग्रामोदय,
3 इर्ला मार्ग, विले पार्ले, (पश्चिम)
बम्बई-400 056।

61. विकास आयुक्त,
हस्तशिल्प, वेस्ट ब्लाक-7, रामकृष्णपुरम,
नई दिल्ली-110021।

62. विकास आयुक्त, (हथकरघा),
वाणिज्य मन्त्रालय, वस्त्र विभाग,
उद्योग भवन, नई दिल्ली।

63. अध्यक्ष,
भारतीय लघु उद्योग निगम परिषद,
फ्लैट नं० 910, पद्मा टावर, राजेन्द्र प्लेस,
नई दिल्ली।

64. अध्यक्ष,
तमिलनाडु महिला विकास निगम लि०,
116, डा० राधाकृष्णन सलाई, माइलापुर,
मद्रास-600 004।

65. अध्यक्ष,
फैडरेशन आफ एसोसिएशन आफ स्माल इंडस्ट्रीज आफ इंडिया,
(फासी), 23-बी/2, गुरुगोविन्द सिंह मार्ग,
नई दिल्ली-110 005।

66. अध्यक्ष,
भारतीय लघु उद्योग परिषद,
1ए०, एस० एन० बनर्जी रोड, कलकत्ता-700 013।

67. अध्यक्ष,
नेशनल एलायंस आफ यंग एन्टरप्रेन्यूर्स,
301-302, सरस्वती भवन, 37 नेहरू प्लेस,
नई दिल्ली।

68. अध्यक्ष,
फैडरेशन आफ इंडिया, चैम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री,
तानसेन मार्ग, नई दिल्ली।

69. अध्यक्ष,
अखिल भारतीय निर्माता संघ,
जीवन सहकार, सर पी० एम० रोड
बम्बई।

70. सचिव
फैडरेशन आफ इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज आफ इंडिया,
बी-30, सागर अपार्टमेंटस, 6, तिलक मार्ग,
नई दिल्ली-110001।

सदस्य :

71. अध्यक्ष,
इंडियन कौंसिल आफ वीमन एंटरप्रेन्योर्स, (आई० सी० डब्ल्यू० ई०)
ए-7/2, न्यू फैन्ड्स कालोनी,
नई दिल्ली-110065।

72. सह-अध्यक्ष,
नाये (एन० ए० वाई० ई०) का महिला स्कंध,
301-302, सरस्वती भवन, 37, नेहरू प्लेस,
नई दिल्ली।

73. श्रीमती अलका अग्रवाल,
अध्यक्ष, आई० सी० एम० आई० की महिला स्कंध,
38/1 एफ, मानीकतला मेन रोड, कलकत्ता-700051।

74. श्री संतोष कुमार बगरोडिया,
संसद सदस्य, (राज्य सभा),
ई-12, ग्रेटर कैलाश-2, नई दिल्ली-48।

75. श्री वासुदेव महापात्र,
संसद सदस्य (राज्य सभा),
138, साउथ एवेन्यू,
नई दिल्ली-110011।

76. श्री नन्द लाल चौधरी,
संसद सदस्य (लोक सभा),
92, साउथ एवेन्यू, नई दिल्ली-110011।

77. श्री श्रीपति मिश्र,
संसद सदस्य, (लोक सभा),
12, तीन मूर्ति लेन,
नई दिल्ली-110011।

78. अध्यक्ष,
आंध्र प्रदेश लघु उद्योग एसोसिएशन,
औद्योगिक एस्टेट,
विजयवाड़ा (आं० प्र०)।

79. अध्यक्ष,
गुवाहाटी इंडस्ट्रीज एस्टेट एसोसिएशन,
औद्योगिक एस्टेट,
गुवाहाटी-781 021 (असम)।

80. अध्यक्ष,
बिहार लघु उद्योग एसोसिएशन,
204, नेल गिरि भवन, बोरिंग कनाल रोड,
पटना (बिहार)।

81. अध्यक्ष,
ओखला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन,
ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट,
नई दिल्ली-110 020।

82. अध्यक्ष,
गुजरात राज्य लघु उद्योग फैडरेशन,
गन हाउस, खानपुर,
अहमदाबाद।

83. अध्यक्ष,
फैडरेशन आफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन,
सी-1/615, जी० आई० डी० सी० एस्टेट,
जिला सुरेन्द्र नगर, वर्धवान सिटी,
(गुजरात)।

सदस्य :

84. अध्यक्ष,
फरीदाबाद लघु उद्योग एसोसिएशन,
291, सेक्टर-21,
फरीदाबाद-121005 (हरियाणा)

85. अध्यक्ष,
हिमाचल प्रदेश लघु उद्योग एसोसिएशन,
सोलन।

86. अध्यक्ष,
जम्मू व काश्मीर लघु उद्योग एसोसिएशन,
श्रीनगर।

87. अध्यक्ष,
कर्नाटक लघु उद्योग एसोसिएशन,
2/106, 13वां क्रास, मगाडी मार्ग, चार्ड रोड,
विजय नगर, बेंगलूर-560 040

88. अध्यक्ष,
केरल राज्य लघु उद्योग एसोसिएशन,
उधरा भवन, कारंक्कट मार्ग,
कोचीन-682 016

89. अध्यक्ष,
एसोसिएशन आफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश,
औद्योगिक एस्टेट, पोलो ग्राउन्ड,
इन्दौर-452 003

90. अध्यक्ष,
महाराष्ट्र लघु उद्योग एसोसिएशन,
बम्बई।

91. अध्यक्ष,
उड़ीसा लघु उद्योग एसोसिएशन,
औद्योगिक एस्टेट
कटक-753 010।

92. अध्यक्ष,
द फडरेशन आफ पंजाब स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन,
पंजाब ट्रेड सैंटर, कम्पलैक्स,
भारतीय स्टेट बैंक के निकट मिल्लर गंज,
लुधियाना-141003

93. अध्यक्ष,
फेडरेशन आफ एसोसिएशन, आफ स्माल इंडस्ट्रीज आफ राजस्थान,
राजस्थान चैम्बर आफ कामर्स भवन, एम० आई० रोड,
जयपुर-302 001

94. अध्यक्ष,
तमिलनाडु लघु उद्योग एसोसिएशन,
10, जी० एस० टी० रोड, गुंडी,
मद्रास-600 032

95. अध्यक्ष,
फैडरेशन आफ एसोसिएशन,
कुटीर एवं लघु उद्योग,
अगरतल्ला (त्रिपुरा)।

96. अध्यक्ष,
आगरा आयरन फाउन्ड्रर्स एसोसिएशन,
88, उत्तरी विजय नगर कालोनी,
आगरा-282 004

सदस्य :

97. अध्यक्ष,
फैडरेशन आफ एसोसिएशन आफ काटेज एंड स्माल स्केल इंडस्ट्री
21-1-1, श्रीकरा, कलकत्ता-700 014

98. श्रीमती अरुणा गाला,
एम० डी० जय इलैक्ट्रानिक्स, मकान नं० 12, तिरुचानूर रोड,
पद्मावती पुरम, तिरुपति (आ० प्र०)।

99. श्री बी० रामकृष्ण,
बन्दर रोड, विजयवाड़ा (आन्ध्र प्रदेश)।

100. श्री चक्रधारी अग्रवाल,
महासचिव, डब्ल्यू० ए० एस० एम० ई०,
27, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019

101. श्री हरभजन सिंह,
मल्टीपोर फिल्टरेशन एंड सेपरेशन,
बी-29, कैलाश कालोनी,
नई दिल्ली।

102. श्री जोगिन्दर कुमार,
अध्यक्ष,
यूनाइटेड साइकिल एंड पार्टस मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन,
गिल रोड, लुधियाना-141 003

103. श्री के० एल० नंजप्पा,
पूर्व वि० आ० (ल० उ०), 96, सरपेंटीन रोड,
कुमार पार्क, पश्चिम विस्तार,
बेंगलूर-560 020

104. श्री एस० एस० बागडी,
नया श्रीनगर, कांग्रेस रोड,
बम्बई-400 006

105. श्री एम० एम० पार्थसारथी,
अध्यक्ष,
स्माल इंडस्ट्रीज एंड बिजनेस इंटेप्रेन्युर्स एसोसिएशन,
164 माउन्ट रोड, सैडेपेट, मद्रास।

106. डा० राम के० वेपा,
पूर्व वि०आ० (ल० उ०), डी-301, योग विहार, सेक्टर-12,
रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-110 022।

सदस्य-सचिव

107. विकास आयुक्त,
लघु उद्योग एवं पदेन अपर सचिव, उद्योग मंत्रालय,
भारत सरकार, निर्माण भवन,
नई दिल्ली-110 011

2. पुनर्गठित बोर्ड का कार्य होगा, सरकार को लघु उद्योगों के विकास से सम्बन्धित सभी नीति विषयक मामलों पर परामर्श देना।

3. बोर्ड को विशिष्ट प्रयोजनों से समिति (समितियां) गठित करने की शक्ति होगी। बोर्ड के पास जब भी आवश्यक होगा बैठक में व्यक्तियों को आमंत्रित करने की भी शक्ति होगी।

4. लघु उद्योग बोर्ड का कार्यकाल 2 वर्ष का होगा जो एक अप्रैल, 1989 से आरम्भ होगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति सभी सम्बन्धितों को भेज दी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित किया जाए।

पी० के० गोयल
निदेशक (ल० उ० मंत्री)

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 15th March 1989

No. 18-Pres./89.—The President is pleased to approve the award of "Sarvottam Jeevan Raksha Padak" to the undermentioned persons :—

1. Master Saurabh Oberoi, (*Posthumous*)
S/o Major S. K. Oberoi,
84 Armed Regiment,
C/o 56 APO.

On the 18th January, 1987, at about 11.00 A.M., four children named Master Shantanu Oberoi (10 years), Master Saurabh Oberoi (8 years), Master Ankur Khurana (9 years) and Kumari Aastha Khurana (6 years) were playing near a 20-25 feet deep lake situated at Sadhuwali Military Area. None of these children knew swimming. Kumari Aastha Khurana suddenly slipped and fell into the tank and started drowning. On seeing this, Master Saurabh Oberoi jumped into the tank to save her but he himself started drowning. Seeing them drowning, Master Ankur Khurana, elder brother of Kumari Aastha Khurana, also jumped into the tank. He was able to bring both of them to the shore, but could not bring them out as the shore was high and slippery. As Ankur Khurana was struggling, Master Shantanu who was on the bank of the tank shouting for help, gave him support with the help of a branch of a tree. A sentry passing by heard the shouts, ran to the spot and brought the three children out, but by that time, Kumari Aastha Khurana and Master Saurabh Oberoi were dead.

Master Saurabh Oberoi showed courage of the highest order in his effort to save the life of a drowning girl and lost his own life in the process.

2. Shri Jai Prakash Alias Sukke.
Village Duhai,
Police Station Muradnagar,
District Ghaziabad (U.P.).

On the 1st January, 1987, at about 6.00 P.M., Master Vinod aged about 14 years, was riding a cycle with a two years old child seated in the front. When the cycle reached near a well which had no platform around it, all of a sudden a child came in front of the cycle. While trying to save the child, Master Vinod lost his balance and fell into the well alongwith the child who was seated on the cycle. A number of persons gathered on the spot but no one dared to jump into the well to save them. On seeing this, Shri Jai Prakash alias Sukke jumped into the well and rescued both the boys.

Shri Jai Prakash alias Sukke displayed exemplary courage and promptitude in saving two lives from drowning unmindful of the risk involved to his own life.

3. Shri Bhagwan Das Gautam, (*Posthumous*)
Village & Post Bijoli,
Police Station Kharkhoda.
District Meerut (U.P.).

On the 12th April, 1982, at Jahidpur, District Meerut, Shri Munshi Lal Harit and his 14 years old son Master Devender Kumar were engulfed in the flames of fire spread due to splashing of petrol. Shri Bhagwan Das Gautam, who was passing that way, saw this pathetic scene and in utter disregard to the danger of his life, jumped into the flames and brought both the persons out of fire. But in the process he himself suffered severe burn injuries to which he succumbed in the hospital.

Shri Bhagwan Das Gautam exhibited courage of the highest order and great concern for human life and sacrificed his own life in saving the lives of two unknown persons trapped in petrol fire.

No. 19-Pres./89.—The President is pleased to approve the award of "Uttam Jeevan Raksha Padak" to the undermentioned persons :—

1. Shri Bhupinder Singh,
C/o Regional Manager,
Himachal Road Transport Corporation,
Kulu (Himachal Pradesh).

